
RAS PRELIMS 2026

RAS Pre Full Length Mock Test 01

मॉक टेस्ट
01

प्रश्न-पत्र · उत्तर कुंजी एवं व्याख्या अंत में



प्रश्न	समय	पूर्णांक	ऋणात्मक अंकन
150	180 min	200	−0.44

निर्देश

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक सही विकल्प चुनें।
- गलत उत्तर पर ऋणात्मक अंकन लागू है।
- उत्तर कुंजी और व्याख्या प्रश्नों के बाद दी गई है।

> यह प्रश्न-पत्र केवल अभ्यास के लिए है। ऑनलाइन टेस्ट देने और विस्तृत Performance Analysis के लिए RASTestSeries.com पर जाएँ।

यही टेस्ट ऑनलाइन दें — तुरंत परिणाम और विश्लेषण →

rastestseries.com/ras-pre-2026/mock-test/rpsc-ras-pre-full-length-mock-test-01

1. मध्यकालीन राजस्थान की सामन्त व्यवस्था से संबंधित निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सुमेलित नहीं है?

(A) भौम जागीर — राज्य को निश्चित सेवाएँ व कर देने की शर्त पर धारित भूमि

(B) बारह कोटड़ियाँ — मेवाड़ के उमरावों की तीन श्रेणियों वाली व्यवस्था

(C) रेख — जागीर की अनुमानित वार्षिक आय, जिसके आधार पर सामन्त के दायित्व तय होते थे

(D) हुक्मनामा — मारवाड़ में जागीर के नए उत्तराधिकारी से लिया जाने वाला शुल्क

2. सूची-I (राजस्थान के एकीकरण का चरण) को सूची-II (उस चरण के राजप्रमुख) से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:

सूची-I

A. मत्स्य संघ

B. राजस्थान संघ (पूर्व राजस्थान)

C. संयुक्त राजस्थान

D. वृहत् राजस्थान

सूची-II

1. कोटा के महाराव भीमसिंह

2. जयपुर के महाराजा मानसिंह द्वितीय

3. धौलपुर के महाराजा उदयभान सिंह

4. उदयपुर के महाराणा भूपालसिंह

(A) A-3, B-1, C-2, D-4

(B) A-3, B-4, C-1, D-2

(C) A-4, B-1, C-3, D-2

(D) A-3, B-1, C-4, D-2

3. मध्यकालीन राजस्थान की रियासतों के केन्द्रीय शासन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. मेवाड़ और मारवाड़ में राजा के बाद सर्वप्रमुख अधिकारी 'प्रधान' कहलाता था, जबकि कोटा और बूँदी में इसी पद को 'दीवान' कहा जाता था।

2. जयपुर और बीकानेर दोनों रियासतों में इस पद के लिए 'मुसाहिब' शब्द प्रचलित था।

3. बख्शी सैन्य विभाग का प्रमुख अधिकारी होता था।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(A) 1, 2 और 3

(B) केवल 1 और 2

(C) केवल 1 और 3

(D) केवल 2 और 3

4. सूची-I (अभिलेख/कृति) को सूची-II (महाराणा, जिनके शासनकाल में अभिलेख उत्कीर्ण हुआ अथवा जो कृति के नायक हैं) से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:

सूची-I

A. श्रृंगी ऋषि शिलालेख (एकलिंगजी के निकट)

B. कीर्ति स्तम्भ प्रशस्ति (चित्तौड़)

RASTestSeries.com

C. जगन्नाथ राय प्रशस्ति (उदयपुर)

D. पाथल और पीथल (कन्हैयालाल सेठिया की राजस्थानी कविता)

सूची-II

1. महाराणा प्रताप

2. महाराणा मोकल

3. महाराणा जगतसिंह प्रथम

4. महाराणा कुम्भा

(A) A-1, B-4, C-3, D-2 **(B)** A-2, B-4, C-3, D-1

(C) A-3, B-4, C-2, D-1 **(D)** A-4, B-2, C-3, D-1

5. सूची-I (संगठन/आंदोलन) को सूची-II (संस्थापक/नेतृत्वकर्ता) से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:

सूची-I

A. सम्प सभा

B. परोपकारिणी सभा

C. एकी आंदोलन

D. ऊपरमाल पंच बोर्ड

सूची-II

1. मोतीलाल तेजावत

2. विजयसिंह पथिक


3. गोविन्द गुरु

4. स्वामी दयानन्द सरस्वती

(A) A-3, B-4, C-1, D-2 **(B)** A-1, B-4, C-3, D-2

(C) A-3, B-4, C-2, D-1 **(D)** A-4, B-3, C-1, D-2

RASTestSeries.com


RPSC
RAS Prelims 2026
RAS Pre
Full Length Mock Test Series
According to New RPSC Pattern
RAS Test Series
Home
RAS Prelims 2026
Log in
TEST 1
RAS Pre Full Length Mock Test 01
Free
Start Test
TEST 2
RAS Pre Full Length Mock Test 02
Free
Start Test
TEST 3
RAS Pre Full Length Mock Test 03
Free
Start Test
TEST 4
RAS Pre Full Length Mock Test 04
Free
Start Test
TEST 5
RAS Pre Full Length Mock Test 05
Included in bundle
TEST 6
RAS Pre Full Length Mock Test 06
Included in bundle
4 Full Length Mock Tests FREE
Get All 14 Full Length Mock Tests
Access in Just ₹99 Only
Use Code : PDF10 for Extra 10% Discount
Syllabus Oriented
150 MCQs (Per Test)
RPSC Pattern
Detail Solutions
Performance Analysis
RASTestSeries.com

6. ईस्ट इंडिया कंपनी के साथ अधीनस्थ सहयोग की संधि करने वाली निम्नलिखित रियासतों को संधि के समय के अनुसार सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए (पहले से बाद की ओर):

1. जयपुर
2. सिरोही
3. कोटा
4. मेवाड़ (उदयपुर)

(A) 3, 1, 4, 2 **(B)** 3, 4, 2, 1

(C) 4, 3, 1, 2 **(D)** 3, 4, 1, 2

7. मारवाड़ में प्रजामण्डल आंदोलन से संबंधित निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सुमेलित नहीं है?

(A) बालमुकुन्द बिस्सा — 1942 के सत्याग्रह में जेल में भूख हड़ताल के बाद मृत्यु

(B) मारवाड़ लोक परिषद — 1938 में उत्तरदायी शासन के लक्ष्य के साथ जोधपुर में स्थापना

(C) मारवाड़ सेवा संघ — 1920 में स्थापित मारवाड़ की प्रारम्भिक राजनीतिक संस्था

(D) डाबड़ा कांड — 1942 में जोधपुर नगर में भारत छोड़ो आंदोलन के जुलूस पर पुलिस गोलीकांड

8. 19वीं शताब्दी के अंतिम दशकों में राजस्थान में सामाजिक सुधार और जागृति के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?

(A) महाराणा सज्जनसिंह की अध्यक्षता में उदयपुर में गठित देश हितैषिणी सभा ने विवाह संबंधी व्यय को नियंत्रित करने का प्रयास किया।

(B) वाल्टरकृत राजपूत हितकारिणी सभा की स्थापना महाराणा सज्जनसिंह के प्रयास से उदयपुर में हुई थी और इसका नाम ए.जी.जी. वाल्टर के सम्मान में रखा गया।

(C) वाल्टरकृत राजपूत हितकारिणी सभा ने लड़के-लड़कियों की विवाह-आयु निश्चित करने तथा मृत्युभोज (नुक्ता) पर होने वाले व्यय को घटाने के प्रस्ताव पारित किए।

(D) स्वामी दयानन्द सरस्वती ने उदयपुर प्रवास के दौरान 'सत्यार्थ प्रकाश' के संशोधित संस्करण का कार्य किया और महाराणा सज्जनसिंह उनके संपर्क में आए।

9. राजस्थान की रियासतों में प्रजामण्डलों की स्थापना के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?

(A) मेवाड़ प्रजामण्डल की स्थापना 1938 में हुई और माणिक्यलाल वर्मा इसके प्रथम अध्यक्ष बने।

(B) कोटा प्रजामण्डल की स्थापना 1939 में पं. नयनूराम शर्मा और पं. अभिन्न हरि ने की।

(C) डूंगरपुर प्रजामण्डल की स्थापना 1944 में भोगीलाल पंड्या के नेतृत्व में हुई।

(D) बीकानेर राज्य प्रजामण्डल की स्थापना 1936 में कलकत्ता में मघाराम वैद्य ने की।

RASTestSeries.com

10. सूची-I (रियासत) को सूची-II (1857 की क्रांति के समय शासक) से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:

सूची-I

A. जोधपुर

B. बीकानेर

C. मेवाड़

D. जयपुर

सूची-II

1. सरदारसिंह

2. रामसिंह द्वितीय

3. तख्तसिंह

4. स्वरूपसिंह

(A) A-1, B-3, C-4, D-2 **(B)** A-3, B-1, C-2, D-4

(C) A-3, B-1, C-4, D-2 **(D)** A-4, B-1, C-3, D-2

11. निम्नलिखित संरचनाओं को उनके निर्माण के कालक्रम के अनुसार (प्राचीनतम से नवीनतम) व्यवस्थित कीजिए:

1. बीकानेर का जूनागढ़ दुर्ग

2. बैराठ (विराटनगर) का वृत्ताकार बौद्ध चैत्य

3. अजमेर का तारागढ़ (गढ़ बीठली)

4. जयपुर का नाहरगढ़ दुर्ग

सही क्रम चुनिए:

(A) 2, 1, 3, 4 **(B)** 2, 3, 1, 4

(C) 2, 3, 4, 1 **(D)** 3, 2, 1, 4

12. सूची-I (मारवाड़ क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल) को सूची-II (प्रमुख आराध्य एवं ऐतिहासिक/स्थापत्य पहचान) से सुमेलित कीजिए:

सूची-I

A. ओसियाँ का सच्चियाय माता मंदिर

B. रणकपुर का चतुर्मुख जैन मंदिर

C. किराडू का प्रमुख मंदिर

D. नाकोड़ा तीर्थ (मेवानगर)

सूची-II

1. पार्श्वनाथ; अधिष्ठायक देव भैरव

2. शिव (सोमेश्वर); 'राजस्थान का खजुराहो'

3. प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ; 1444 स्तंभ

RASTestSeries.com

4. ओसवालों की कुलदेवी; मंडोर के प्रतिहारों के काल का महामारु शैली वाला मंदिर-समूह

कूट:

(A) A-2, B-3, C-4, D-1 (B) A-4, B-1, C-2, D-3

(C) A-4, B-3, C-2, D-1 (D) A-4, B-3, C-1, D-2

13. राजस्थान की लोक देवियों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. करणी माता चारणों की कुलदेवी और बीकानेर के राठौड़ों की इष्ट देवी हैं; देशनोक के उनके मंदिर में सफेद चूहे 'काबा' कहलाते हैं।

2. कैला देवी करौली के यदुवंशी शासकों की कुलदेवी हैं और उनकी आराधना में 'लांगुरिया' गीत गाए जाते हैं।

3. सीकर के रेवासा के निकट अष्टभुजी प्रतिमा वाली जीण माता आमेर के कछवाहों की कुलदेवी मानी जाती हैं।

4. सिरवी समाज की कुलदेवी आई माता के बिलाड़ा स्थित मंदिर में मूर्ति नहीं है; वहाँ दीपक की ज्योति की पूजा होती है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(A) केवल 1, 2 और 4 (B) 1, 2, 3 और 4

(C) केवल 1 और 2 (D) केवल 2, 3 और 4

14. राजस्थान के मानव निर्मित जलाशयों और पारंपरिक जल संरक्षण विधियों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. आभानेरी (दौसा) की चाँद बावड़ी हर्षत माता मंदिर के सम्मुख स्थित है।

2. राजसमंद झील का निर्माण महाराणा राजसिंह ने गोमती नदी का जल रोककर करवाया था।

3. खड़ीन पद्धति जैसलमेर क्षेत्र में पालीवाल ब्राह्मणों से जुड़ी है, जिसमें ढलान के निचले भाग में बाँध बनाकर वर्षा जल रोका जाता है और उसकी नमी में खेती की जाती है।

4. टाँका मुख्यतः खुले खेतों की सिंचाई के लिए नहर से जुड़ी एक खुली संरचना है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(A) 1, 2, 3 और 4 (B) केवल 1, 2 और 3

(C) केवल 1 और 2 (D) केवल 2, 3 और 4

15. सूची-I (विभूति) को सूची-II (संबंधित क्षेत्र/योगदान) से सुमेलित कीजिए:

सूची-I

A. अल्लाह जिलाई बाई

B. कोमल कोठारी

C. विजयदान देथा

D. पं. विश्वमोहन भट्ट

सूची-II

1. 'बातां री फुलवारी' के माध्यम से राजस्थानी लोककथाओं का पुनर्सृजन

2. रूपायन संस्थान, बोरुंदा के माध्यम से लोक संगीत व लोक संस्कृति का शोध

3. 'मोहन वीणा' का विकास

4. 'केसरिया बालम' जैसे मांड गायन से ख्याति

कूट:

(A) A-2, B-4, C-1, D-3 (B) A-3, B-2, C-1, D-4

(C) A-4, B-2, C-1, D-3 (D) A-4, B-1, C-2, D-3

16. राजस्थान के निम्नलिखित राज्य स्तरीय पशु मेलों को श्रावण मास से आरंभ करते हुए भारतीय पंचांग के महीनों में उनके आयोजन के क्रम में व्यवस्थित कीजिए:

1. श्री रामदेव पशु मेला, मानासर (नागौर)

2. कार्तिक पशु मेला, पुष्कर

3. जसवंत पशु मेला, भरतपुर

4. श्री वीर तेजाजी पशु मेला, परबतसर

सही क्रम चुनिए:

(A) 4, 3, 2, 1 (B) 3, 4, 2, 1

(C) 4, 2, 3, 1 (D) 4, 3, 1, 2

17. निम्नलिखित लोक देवताओं पर विचार कीजिए:

1. पाबूजी

2. तेजाजी

3. हड़बूजी

4. देवनारायण जी

5. मेहाजी मांगलिया

इनमें से कौन-से मारवाड़ के 'पंच पीरों' में गिने जाते हैं?

(A) केवल 1, 2 और 3 (B) केवल 1, 3 और 5

(C) केवल 1, 3, 4 और 5 (D) केवल 2, 4 और 5

18. निर्गुण रामभक्ति की रामस्नेही परंपरा के संबंध में सूची-I (संत) को सूची-II (पीठ) से सुमेलित कीजिए:

सूची-I

A. रामचरण जी ('अणभै वाणी')

B. हरिदास जी ('निशानी')

C. दरियाव जी

D. रामदास जी

सूची-II

1. रैण (मेड़ता)

PASTestSeries.com

2. शाहपुरा

3. खेड़ापा (जोधपुर)

4. सिंहथल (बीकानेर)

कूट:

(A) A-2, B-1, C-4, D-3 (B) A-2, B-3, C-1, D-4

(C) A-2, B-4, C-3, D-1 (D) A-2, B-4, C-1, D-3

19. जोधपुर में मेहरानगढ़ की तलहटी में सफेद संगमरमर से निर्मित वह स्मारक कौन-सा है, जो महाराजा जसवंतसिंह द्वितीय की स्मृति में बना और 'राजस्थान का ताजमहल' कहलाता है?

(A) गैटोर की छतरियाँ (B) देवीकुंड की छतरियाँ

(C) बड़ा बाग की छतरियाँ (D) जसवंत थड़ा

20. श्रमण परम्परा और प्राचीन राजस्थान से जुड़ी निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रम के अनुसार (प्राचीनतम से आरम्भ करते हुए) व्यवस्थित कीजिए:

1. बैराठ (विराटनगर) से प्राप्त अशोक का वह लघु शिलालेख जिसमें बुद्ध, धम्म और संघ के प्रति आस्था व्यक्त की गई है

2. वैशाली में कालाशोक के संरक्षण में द्वितीय बौद्ध संगीति

3. राजगृह में प्रथम बौद्ध संगीति

4. पाटलिपुत्र में स्थूलभद्र की अध्यक्षता में प्रथम जैन सभा

नीचे दिए गए कूट से सही क्रम चुनिए:

(A) 2, 3, 4, 1 (B) 3, 2, 1, 4

(C) 3, 2, 4, 1 (D) 3, 4, 2, 1

21. मौर्यकालीन कला के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. सारनाथ के सिंह-शीर्ष के फलक (अबेकस) पर चार चक्रों के बीच हाथी, बैल, घोड़ा और सिंह अंकित हैं।

2. पटना के पास दीदारगंज से प्राप्त चामरग्राहिणी यक्षी की प्रतिमा चमकदार ओपयुक्त बलुआ पत्थर से बनी है।

3. रामपुरवा (बिहार) से वृषभ (बैल) शीर्ष वाला स्तम्भ-शीर्ष प्राप्त हुआ है।


4. मौर्य स्तम्भों की यष्टि (दण्ड) अनेक पत्थर-खण्डों को जोड़कर बनाई जाती थी।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

(A) केवल एक (B) केवल तीन

(C) केवल दो (D) सभी चार

RASTestSeries.com


RPSC
RAS Prelims 2026
RAS Pre
Full Length Mock Test Series
According to New RPSC Pattern
RAS Test Series
Home
RAS Prelims 2026
Log in
TEST 1
RAS Pre Full Length Mock Test 01
Free
Start Test
TEST 2
RAS Pre Full Length Mock Test 02
Free
Start Test
TEST 3
RAS Pre Full Length Mock Test 03
Free
Start Test
TEST 4
RAS Pre Full Length Mock Test 04
Free
Start Test
TEST 5
RAS Pre Full Length Mock Test 05
Included in bundle
TEST 6
RAS Pre Full Length Mock Test 06
Included in bundle
4 Full Length Mock Tests FREE
Get All 14 Full Length Mock Tests
Access in Just ₹99 Only
Use Code : PDF10 for Extra 10% Discount
Syllabus Oriented
150 MCQs (Per Test)
RPSC Pattern
Detail Solutions
Performance Analysis
RASTestSeries.com

22. सिन्धु एवं वैदिक काल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. हड़प्पा सभ्यता के लोग औज़ारों और हथियारों के लिए लोहे का व्यापक प्रयोग करते थे।
2. ऋग्वेद के दसवें मण्डल के पुरुषसूक्त में चारों वर्णों की उत्पत्ति का उल्लेख है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(A) केवल 2
(B) 1 और 2 दोनों
(C) केवल 1
(D) न तो 1 और न ही 2

23. मध्यकालीन भक्ति आंदोलन और राजस्थान के संत-सम्प्रदायों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?

(A) कबीर की वाणियों का संकलन 'बीजक' नाम से प्रसिद्ध है।
(B) जाम्भोजी ने शाहपुरा को केंद्र बनाकर रामस्नेही सम्प्रदाय का प्रवर्तन किया।
(C) दादू दयाल ने निर्गुण भक्ति का प्रचार किया और नरैना दादूपंथ का प्रमुख केंद्र बना।
(D) रामानंद ने उत्तर भारत में भक्ति का उपदेश जनभाषा में दिया और उनके शिष्य विभिन्न जातियों से थे।

24. सूची-I (मुगल दरबार के चित्रकार) को सूची-II (उन्हें प्राप्त उपाधि) से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:

सूची-I

A. मीर सैयद अली
B. ख्वाजा अब्दुस्समद
C. उस्ताद मंसूर
D. अबुल हसन

सूची-II

1. शीरीं-क़लम
2. नादिर-उज़-ज़माँ
3. नादिर-उल-मुल्क
4. नादिर-उल-अस्र

(A) A-2, B-1, C-4, D-3
(B) A-3, B-1, C-2, D-4
(C) A-4, B-1, C-3, D-2
(D) A-3, B-1, C-4, D-2

25. सूची-I (मारवाड़ के राठौड़ शासक) को सूची-II (अफगान या मुगल सत्ता से जुड़ा प्रसंग) से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:

सूची-I

A. राव मालदेव
B. सूरसिंह
C. गजसिंह
D. जसवंतसिंह प्रथम

PASTestSeries.com

सूची-II

1. जहाँगीर द्वारा 'दलथंभन' की उपाधि
2. काबुल की सूबेदारी के दौरान जमरूद में मृत्यु
3. अकबर के शासनकाल में 'सवाई राजा' की उपाधि
4. गिरी-सुमेल में शेरशाह सूरी की सेना से संघर्ष

(A) A-4, B-1, C-3, D-2
(B) A-4, B-3, C-1, D-2
(C) A-4, B-2, C-1, D-3
(D) A-4, B-3, C-2, D-1

26. अप्रैल 1930 में त्रिचिरापल्ली से तंजौर तट पर वेदारण्यम तक नमक यात्रा का नेतृत्व करने वाले वही नेता आगे चलकर स्वतंत्र भारत के प्रथम भारतीय गवर्नर-जनरल बने। वे कौन थे?

(A) सी. राजगोपालाचारी
(B) ई. वी. रामास्वामी नायकर
(C) के. कामराज
(D) टी. प्रकाशम

27. ब्रिटिश काल में प्रेस और शिक्षा के विकास के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. जेम्स ऑगस्टस हिक्की ने 1780 में 'बंगाल गजट' प्रकाशित किया, जिसे भारत का पहला समाचार पत्र माना जाता है।
2. लॉर्ड लिटन के काल में पारित वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट (1878) को लॉर्ड रिपन ने 1882 में निरस्त कर दिया।
3. हंटर आयोग (1882) का मुख्य ध्यान विश्वविद्यालयी उच्च शिक्षा के पुनर्गठन पर था।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(A) 1, 2 और 3
(B) केवल 1 और 2
(C) केवल 1 और 3
(D) केवल 2 और 3

28. बंगाल के ब्रह्म आंदोलन की धारा तथा पश्चिम भारत के समकालीन सुधारकों के योगदान के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?

(A) ईश्वरचंद्र विद्यासागर के अभियान के फलस्वरूप हिंदू विधवा पुनर्विवाह अधिनियम 1856 में लॉर्ड कैनिंग के गवर्नर-जनरल रहते पारित हुआ।
(B) केशवचंद्र सेन द्वारा अपनी अल्पवयस्क पुत्री का विवाह कूचबिहार के राजकुमार से किए जाने के विरोध में 1878 में साधारण ब्रह्म समाज का गठन हुआ।
(C) ज्योतिबा फुले ने जिस वर्ष 'गुलामगिरी' पुस्तक प्रकाशित की, उसी वर्ष (1873) सत्यशोधक समाज की स्थापना भी की।
(D) तत्त्वबोधिनी सभा की स्थापना राजा राममोहन राय ने की थी और उनकी मृत्यु के बाद देवेंद्रनाथ टैगोर ने इसका नेतृत्व संभाला।

RASTestSeries.com

29. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उदारवादी और उग्रवादी चरण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. 1906 के कलकत्ता अधिवेशन में दादाभाई नौरोजी ने 'स्वराज' को कांग्रेस का लक्ष्य बताया।
2. 1907 के सूरत अधिवेशन में उग्रवादी नेता बाल गंगाधर तिलक को अध्यक्ष चुना गया।
3. 1916 के लखनऊ अधिवेशन में उदारवादी और उग्रवादी पुनः एक हुए; इसकी अध्यक्षता अंबिका चरण मजूमदार ने की।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(A) 1, 2 और 3
(B) केवल 1 और 2
(C) केवल 1 और 3
(D) केवल 2 और 3

30. 1857 से पूर्व के जनजातीय एवं स्थानीय प्रतिरोध के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. भील असंतोष को नियंत्रित करने के लिए अंग्रेजों ने मेवाड़ भील कोर गठित की, जिसका मुख्यालय खेरवाड़ा में था।
2. शेखावाटी के लोकनायक डूँगजी-जवाहरजी ने अंग्रेजों की नसीराबाद छावनी पर धावा बोलकर धन लूटा था।
3. शेखावाटी क्षेत्र में विद्रोही ठिकानों और लुटेरों के दमन के लिए शेखावाटी ब्रिगेड का गठन 1857 की क्रांति के बाद किया गया।
4. संथाल विद्रोह का नेतृत्व सिद्धू और कान्हू ने किया, और इसके दमन के बाद संथाल परगना नामक पृथक क्षेत्र बनाया गया।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

(A) केवल एक
(B) केवल दो
(C) केवल तीन
(D) सभी चार

31. यूरोप का वह औद्योगिक प्रदेश कौन-सा है, जिसके लौह-इस्पात उद्योग के विकास में निकटवर्ती कोयला क्षेत्र और उसे रॉटरडैम बंदरगाह से जोड़ने वाले विश्व के सबसे व्यस्त आंतरिक जलमार्ग की निर्णायक भूमिका रही?

(A) पो घाटी प्रदेश, उत्तरी इटली
(B) रूर (निम्न राइन) प्रदेश, जर्मनी
(C) लंकाशायर प्रदेश, ग्रेट ब्रिटेन
(D) साइलेशिया प्रदेश, पोलैंड

32. निम्नलिखित युग्मों (नदी — वह जलराशि जिसमें वह गिरती है) में से कौन-सा युग्म सुमेलित है?

(A) डेन्यूब — कैस्पियन सागर
(B) मैकेंजी — हडसन की खाड़ी
(C) ओब — कारा सागर
(D) युकॉन — ब्यूफोर्ट सागर

33. कृषि के प्रकारों और कॉफी (कहवा) की खेती से संबंधित निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है (असुमेलित है)?

(A) नीलगिरि पहाड़ियाँ — भारत में कॉफी की खेती का आरंभिक स्थल
(B) कर्नाटक — भारत का सर्वाधिक कॉफी उत्पादक राज्य
(C) फजेंडा — ब्राज़ील के विशाल कॉफी बागान
(D) लदांग — इंडोनेशिया-मलेशिया में स्थानांतरी कृषि

RASTestSeries.com

34. विश्व की प्राकृतिक वनस्पति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. उष्णकटिबंधीय सदाबहार वनों में पत्तियाँ गिरने का कोई एक निश्चित मौसम नहीं होता, क्योंकि विभिन्न वृक्ष अलग-अलग समय पर पत्तियाँ गिराते हैं।
2. टैगा (शंकुधारी) वनों से मुख्यतः कठोर लकड़ी प्राप्त होती है, जिसका प्रमुख उपयोग जहाज़ निर्माण में होता है।
3. भूमध्यसागरीय वनस्पति की मोटी छाल और मोमी पत्तियाँ शुष्क ग्रीष्म ऋतु के प्रति अनुकूलन हैं।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(A) 1, 2 और 3 **(B)** केवल 1 और 2

(C) केवल 2 और 3 **(D)** केवल 1 और 3

35. भारत की प्राकृतिक वनस्पति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. उष्णकटिबंधीय पर्णपाती (मानसूनी) वन भारत में सर्वाधिक विस्तृत वन प्रकार हैं।
2. उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन मुख्यतः 200 सेमी से अधिक वार्षिक वर्षा वाले क्षेत्रों, जैसे पश्चिमी घाट के पश्चिमी ढाल और अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह में मिलते हैं।
3. सागौन और साल उष्णकटिबंधीय सदाबहार वनों के प्रमुख वृक्ष हैं।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(A) 1, 2 और 3 **(B)** केवल 1 और 3

(C) केवल 1 और 2 **(D)** केवल 2 और 3

36. निम्नलिखित पर विचार कीजिए:

अभिकथन (A): उत्तर भारत के मैदान में भाबर के दक्षिण में स्थित तराई क्षेत्र दलदली और नम है तथा मूलतः घने वनों से ढका था।

कारण (R): भाबर पट्टी के कंकड़-पत्थरों में लुप्त हुई नदियाँ तराई क्षेत्र में पुनः धरातल पर प्रकट होकर फैल जाती हैं।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है

(B) (A) गलत है, परंतु (R) सही है

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है

(D) (A) सही है, परंतु (R) गलत है

37. भारत का मानक समय 82°30′ पूर्वी देशांतर के स्थानीय समय पर आधारित है। इस देशांतर को मानक याम्योत्तर के रूप में चुनने का सबसे उपयुक्त कारण कौन-सा है?


(A) यह देश की राजधानी नई दिल्ली से होकर गुज़रता है

(B) यह देशांतर कर्क रेखा के साथ देश के भौगोलिक केंद्र को निर्धारित करता है

(C) यह देशांतर ग्रीनविच से ठीक 6 घंटे आगे का समय देता है

(D) यह देश के पश्चिमी छोर (लगभग 68° पूर्व) और पूर्वी छोर (लगभग 97° पूर्व) के बीच लगभग मध्य में स्थित है

RASTestSeries.com


RPSC
RAS Prelims 2026
RAS Pre
Full Length Mock Test Series
According to
New RPSC Pattern
RAS Test Series
Home
RAS Prelims 2026
Log in
TEST 1
RAS Pre Full Length Mock Test 01
Free
Start Test
TEST 2
RAS Pre Full Length Mock Test 02
Free
Start Test
TEST 3
RAS Pre Full Length Mock Test 03
Free
Start Test
TEST 4
RAS Pre Full Length Mock Test 04
Free
Start Test
TEST 5
RAS Pre Full Length Mock Test 05
Included in bundle
TEST 6
RAS Pre Full Length Mock Test 06
Included in bundle
4 Full Length Mock Tests FREE
Get All 14 Full Length Mock Tests
Access in Just ₹99 Only
Use Code : PDF10 for Extra 10% Discount
Syllabus Oriented
150 MCQs (Per Test)
RPSC Pattern
Detail Solutions
Performance Analysis
RASTestSeries.com

38. दक्षिण-पश्चिम मानसून के सामान्य आगमन (प्रारंभ) के आधार पर निम्नलिखित स्थानों को सबसे पहले से सबसे बाद के सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए:

1. मुंबई
2. श्रीगंगानगर
3. गुवाहाटी
4. दिल्ली
5. झालावाड़

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:

(A) 3, 1, 5, 4, 2 **(B)** 1, 3, 4, 5, 2

(C) 1, 3, 5, 4, 2 **(D)** 3, 1, 4, 5, 2

39. निम्नलिखित में से कौन-सी नदियाँ पश्चिमी घाट से निकलकर पूर्व की ओर बहती हुई बंगाल की खाड़ी में गिरती हैं?

1. गोदावरी
2. कृष्णा
3. कावेरी
4. महानदी

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:

(A) 1, 2, 3 और 4 **(B)** केवल 1 और 2

(C) केवल 2, 3 और 4 **(D)** केवल 1, 2 और 3

40. प्रायद्वीपीय पठार के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. मेघालय का पठार प्रायद्वीपीय पठार का ही विस्तार है, जो एक भ्रंश (गारो-राजमहल अंतराल) द्वारा मुख्य पठार से अलग हो गया है।
2. मालवा पठार से बहने वाली चंबल, बेतवा और केन नदियाँ दक्षिण की ओर बहकर नर्मदा में मिलती हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(A) केवल 1 **(B)** 1 और 2 दोनों

(C) केवल 2 **(D)** न तो 1 और न ही 2

RASTestSeries.com

41. राजस्थान में सागवान (टीक) के वन निम्नलिखित में से किन जिलों में प्रमुखता से पाए जाते हैं?

1. बाँसवाड़ा
2. अलवर
3. प्रतापगढ़
4. झुंझुनूं

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

(A) केवल 1, 2 और 3 **(B)** केवल 2 और 4

(C) केवल 1 और 3 **(D)** केवल 3 और 4

42. राजस्थान के सीमांत बिंदुओं के संदर्भ में सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए:

सूची-I (सीमांत गाँव)

A. कोणा

B. बोरकुंड

C. सिलाना

D. कटरा

सूची-II (स्थिति)

1. सबसे पूर्वी, धौलपुर जिला
2. सबसे उत्तरी, श्रीगंगानगर जिला
3. सबसे पश्चिमी, जैसलमेर जिला
4. सबसे दक्षिणी, बाँसवाड़ा जिला

कूट:

(A) A-2, B-4, C-3, D-1 **(B)** A-3, B-1, C-4, D-2

(C) A-4, B-2, C-1, D-3 **(D)** A-2, B-4, C-1, D-3

43. राजस्थान की नदियों और उनके उद्गम के निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:

1. कांतली – खंडेला की पहाड़ियाँ
2. साबी – सेवर की पहाड़ियाँ
3. लूणी – नाग पहाड़
4. बाणगंगा – सेवर की पहाड़ियाँ

उपर्युक्त में से कौन-से युग्म सही सुमेलित हैं?

(A) 1, 2, 3 और 4 **(B)** केवल 1 और 2

(C) केवल 2, 3 और 4 **(D)** केवल 1, 2 और 3

RASTestSeries.com

44. जनजातीय समुदायों के क्षेत्रीय बसाव, उनकी जनगणना-आधारित संख्या और मृत्यु-उपरांत निभाई जाने वाली परंपराओं के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?

(A) 2011 की जनगणना के अनुसार मीणा राज्य की सर्वाधिक जनसंख्या वाली अनुसूचित जनजाति है।

(B) सहरिया जनजाति मुख्यतः डूंगरपुर और बाँसवाड़ा जिलों में निवास करती है।

(C) गरासिया जनजाति में मृतक की अस्थियाँ माउंट आबू की नक्की झील में प्रवाहित करने की परंपरा है।

(D) भील समाज में संदिग्ध या अप्राकृतिक मृत्यु होने पर आरोपी पक्ष से मृतक के परिवार द्वारा लिया जाने वाला हर्जाना 'मौताणा' कहलाता है।

45. राज्य को जल देने वाली अंतरराज्यीय नदी-घाटी परियोजनाओं के बाँधों, बैराजों और नहर के उद्गम-स्थलों की अवस्थिति के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?

(A) इंदिरा गांधी नहर का उद्गम सतलुज और ब्यास के संगम पर बने हरिके बैराज से होता है।

(B) चंबल परियोजना का गांधी सागर बाँध मध्य प्रदेश में है, जबकि जवाहर सागर बाँध कोटा क्षेत्र में स्थित है।

(C) राजस्थान नहर का नाम वर्ष 1984 में बदलकर इंदिरा गांधी नहर किया गया।

(D) ब्यास परियोजना के अंतर्गत पोंग बाँध हरियाणा में ब्यास नदी पर बनाया गया है।

46. यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में 'राजस्थान के पहाड़ी दुर्ग' के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-से दुर्ग शामिल हैं?

1. गागरोन

2. मेहरानगढ़

3. आमेर

4. जूनागढ़ (बीकानेर)

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

(A) केवल 1, 2 और 3

(B) केवल 1, 3 और 4

(C) केवल 1 और 3

(D) केवल 2 और 3

47. चंबल अपवाह तंत्र और उससे जुड़ी जल अवसंरचना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. चंबल नदी चित्तौड़गढ़ जिले में चौरासीगढ़ के पास राजस्थान में प्रवेश करती है।

2. नवनेरा बैराज कोटा जिले में कालीसिंध नदी पर संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चंबल-पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना के अंतर्गत बनाया गया है।

3. पार्वती और कालीसिंध चंबल की बाएँ तट की सहायक नदियाँ हैं।

4. पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना का मुख्य उद्देश्य जैसलमेर और बाड़मेर जिलों को पेयजल उपलब्ध कराना है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(A) केवल 1

(B) केवल 1 और 3

(C) केवल 1 और 2

(D) केवल 1, 2 और 3

RASTestSeries.com

48. राजस्थान के खनिज और खनिज-आधारित उद्योगों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. चित्तौड़गढ़ के चंदेरिया में सीसा-जस्ता प्रगलन संयंत्र स्थित है।
2. सितंबर 2026 में राज्य के खान एवं भूविज्ञान विभाग ने सीमेंट उद्योग के मुख्य कच्चे माल चूना पत्थर के ब्लॉकों की नीलामी प्रक्रिया आरंभ की; प्रधान खनिज होने के कारण चूना पत्थर ब्लॉकों की नीलामी राज्य सरकार करती है, जबकि पोटाश जैसे महत्वपूर्ण (क्रिटिकल) खनिजों के ब्लॉकों की नीलामी केंद्र सरकार करती है।
3. देश में वोलस्टोनाइट का लगभग समस्त उत्पादन राजस्थान से होता है, जिसका उपयोग सिरेमिक और पेंट उद्योग में होता है।
4. पोटाश मुख्यतः लौह-इस्पात उद्योग का कच्चा माल है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(A) केवल 1 (B) केवल 1 और 2
(C) केवल 1, 2 और 3 (D) केवल 1 और 3

49. राजस्थान में पशुपालन से संबंधित अनुसंधान संस्थानों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान टोंक जिले के अविकानगर (मालपुरा) में स्थित है।
2. राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केंद्र बीकानेर के जोहड़बीड़ में स्थित है।
3. केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान भी अविकानगर में स्थित है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(A) 1, 2 और 3 (B) केवल 1 और 2
(C) केवल 1 और 3 (D) केवल 2 और 3

50. राजस्थान में मृदा के वैज्ञानिक (यूएसडीए) वर्गीकरण के अनुसार निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:

1. वर्टीसोल – कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़
2. एरिडीसोल – डूंगरपुर, बाँसवाड़ा
3. एंटीसोल – पश्चिमी मरुस्थलीय जिले
4. इनसेप्टीसोल – श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़

उपर्युक्त में से कौन-से युग्म सही सुमेलित हैं?

(A) केवल 1, 2 और 3 (B) केवल 1, 3 और 4
(C) केवल 3 और 4 (D) केवल 1 और 3

51. राजस्थान के पठारी भागों के संदर्भ में सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए:

सूची-I (पठार)

A. भोराट का पठार
B. उड़िया का पठार
C. मेसा का पठार
D. ऊपरमाल का पठार

RASTestSeries.com

सूची-II (स्थिति)

1. चित्तौड़गढ़ दुर्ग इसी पर स्थित

2. भैंसरोड़गढ़ से बिजोलिया के बीच

3. गोगुंदा से कुंभलगढ़ के बीच

4. गुरु शिखर के नीचे, आबू पर्वत क्षेत्र

कूट:

(A) A-1, B-4, C-3, D-2

(B) A-3, B-4, C-1, D-2

(C) A-3, B-4, C-2, D-1

(D) A-4, B-3, C-1, D-2

52. राजस्थान की स्थानीय मौसमी परिघटनाओं के संदर्भ में सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए:

सूची-I

A. मावठ

B. लू

C. भभूल्या

D. पुरवाई

सूची-II

1. ग्रीष्म ऋतु में दिन में चलने वाली गर्म और शुष्क पवन

2. शीत ऋतु में पश्चिमी विक्षोभों से होने वाली वर्षा

3. तपती भूमि पर संवहन से बनने वाले स्थानीय वायु भँवर

4. पूर्व दिशा (बंगाल की खाड़ी की ओर) से आने वाली मानसूनी पवन

कूट:

(A) A-1, B-2, C-4, D-3

(B) A-2, B-1, C-3, D-4

(C) A-2, B-3, C-1, D-4

(D) A-4, B-1, C-3, D-2

53. केंद्रीय मंत्रिपरिषद के गठन, उसके अस्तित्व की निरंतरता, दलबदल से जुड़ी मंत्री-पद की निरर्हता और राष्ट्रपति के साथ उसके संबंधों के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?

(A) यदि राष्ट्रपति अपेक्षा करे तो किसी ऐसे विषय को, जिस पर किसी मंत्री ने विनिश्चय कर दिया है किंतु मंत्रिपरिषद ने विचार नहीं किया है, मंत्रिपरिषद के समक्ष विचार के लिए रखना प्रधानमंत्री का कर्तव्य है।

(B) राष्ट्रपति मंत्रिपरिषद से उसकी सलाह पर पुनर्विचार की अपेक्षा कर सकता है, किंतु पुनर्विचार के पश्चात दी गई सलाह के अनुसार उसे कार्य करना होगा।

(C) दसवीं अनुसूची के अधीन दलबदल के कारण संसद की सदस्यता के लिए निरर्हित व्यक्ति निरर्हता की तिथि से छह वर्ष की निश्चित अवधि तक मंत्री नियुक्त नहीं किया जा सकता, भले ही वह इस बीच फिर से निर्वाचित हो जाए।

(D) लोकसभा के विघटन के बाद भी प्रधानमंत्री सहित मंत्रिपरिषद पद पर बनी रहती है, क्योंकि राष्ट्रपति मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह के बिना कार्यपालिका शक्ति का प्रयोग नहीं कर सकता।

RASTestSeries.com

54. भारतीय संविधान के उपबंधों और उनके प्रेरणा-स्रोत देशों के संदर्भ में सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए:

सूची-I (उपबंध)

A. विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया

B. संविधान संशोधन की प्रक्रिया

C. राज्यसभा में सदस्यों का मनोनयन

D. अवशिष्ट शक्तियों का केंद्र में निहित होना

सूची-II (देश)

1. कनाडा

2. आयरलैंड

3. दक्षिण अफ्रीका

4. जापान

सही कूट चुनिए:

(A) A-3, B-4, C-2, D-1 **(B)** A-4, B-3, C-2, D-1

(C) A-4, B-2, C-3, D-1 **(D)** A-4, B-3, C-1, D-2

55. संविधान के वर्तमान पाठ के अनुसार अनुच्छेद 352 के अंतर्गत राष्ट्रीय आपात की उद्घोषणा निम्नलिखित में से किन आधारों पर की जा सकती है?

1. युद्ध

2. बाह्य आक्रमण

3. सशस्त्र विद्रोह

4. आंतरिक अशांति

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:

(A) 1, 2, 3 और 4 **(B)** केवल 1 और 2

(C) केवल 1, 2 और 3 **(D)** केवल 1, 2 और 4

56. आत्म-अभिशंसन से संरक्षण, संस्कृति के संरक्षण, कुछ मौलिक अधिकारों पर विधि बनाने की शक्ति और संपत्ति के अधिकार की संवैधानिक स्थिति के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

(A) अनुच्छेद 35 के अनुसार अनुच्छेद 16(3), 32(3), 33 और 34 के अधीन विषयों पर विधि बनाने की शक्ति संसद को है, राज्य विधानमंडलों को नहीं।

(B) किसी अपराध के लिए अभियुक्त किसी व्यक्ति को स्वयं अपने विरुद्ध साक्षी होने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा।

(C) संपत्ति के अधिकार को 42वें संविधान संशोधन द्वारा मौलिक अधिकारों की सूची से हटाया गया।

(D) भारत के राज्यक्षेत्र में रहने वाले नागरिकों के किसी भी अनुभाग को, जिसकी अपनी विशेष भाषा, लिपि या संस्कृति है, उसे बनाए रखने का अधिकार है।

RASTestSeries.com

57. भारत निर्वाचन आयोग और राजस्थान राज्य निर्वाचन आयोग के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?

(A) राज्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति राज्य का राज्यपाल करता है।

(B) राजस्थान में पंचायतों और नगरपालिकाओं के निर्वाचन का अधीक्षण, निदेशन और नियंत्रण भारत निर्वाचन आयोग करता है।

(C) राज्य निर्वाचन आयुक्त को उसके पद से उसी रीति और उन्हीं आधारों पर हटाया जा सकता है जिन पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को।

(D) संसद, राज्य विधानमंडलों तथा राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के निर्वाचनों का अधीक्षण, निदेशन और नियंत्रण भारत निर्वाचन आयोग में निहित है।

58. संसद और राजस्थान विधानसभा की तुलना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. लोकसभा की गणपूर्ति सदन की कुल सदस्य संख्या का दसवाँ भाग है, जबकि राज्य विधानसभा की गणपूर्ति दस सदस्य या कुल सदस्य संख्या का दसवाँ भाग, इनमें से जो भी अधिक हो, है।
2. किसी साधारण विधेयक पर दोनों सदनों में गतिरोध होने पर संसद के लिए संयुक्त बैठक का उपबंध है, जबकि राज्य विधानमंडल के लिए संविधान में ऐसा कोई उपबंध नहीं है।
3. राजस्थान विधानसभा का अध्यक्ष अपना त्यागपत्र राज्यपाल को संबोधित करता है।
4. संविधान के अनुसार किसी राज्य की विधानसभा में प्रत्यक्ष निर्वाचित सदस्य अधिकतम 500 और न्यूनतम 60 हो सकते हैं; राजस्थान विधानसभा की सदस्य संख्या 200 है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(A) 1, 2, 3 और 4

(B) केवल 1, 2 और 4

(C) केवल 2 और 4

(D) केवल 2, 3 और 4

59. उच्चतम न्यायालय और राजस्थान उच्च न्यायालय के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश 65 वर्ष की आयु तक और उच्च न्यायालय के न्यायाधीश 62 वर्ष की आयु तक पद धारण करते हैं।
2. राजस्थान उच्च न्यायालय की प्रधान पीठ जयपुर में है और इसकी एक पीठ जोधपुर में स्थित है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(A) 1 और 2 दोनों

(B) केवल 2

(C) केवल 1

(D) न तो 1 और न ही 2

RASTestSeries.com

60. संविधान सभा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. ब्रिटिश प्रांतों के लिए आवंटित स्थानों के सदस्य प्रांतीय विधानसभाओं द्वारा आनुपातिक प्रतिनिधित्व की एकल संक्रमणीय मत पद्धति से अप्रत्यक्ष रूप से चुने गए थे।
2. 9 दिसंबर 1946 को हुई संविधान सभा की पहली बैठक में मुस्लिम लीग के सदस्यों ने भाग लिया था।
3. भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947 के बाद संविधान सभा विधायिका के रूप में भी कार्य करने लगी और विधायी कार्य के समय उसकी अध्यक्षता जी. वी. मावलंकर करते थे।
4. संविधान सभा ने राष्ट्रीय ध्वज को 24 जनवरी 1950 को अंगीकृत किया।
5. संविधान सभा ने 24 जनवरी 1950 को डॉ. राजेंद्र प्रसाद को भारत का प्रथम राष्ट्रपति चुना।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

(A) केवल तीन
(B) केवल चार
(C) केवल दो
(D) सभी पाँच

61. संविधान के भाग IV के अनुच्छेदों और उनकी विषय-वस्तु के निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?

(A) अनुच्छेद 36 — इस भाग में 'राज्य' का वही अर्थ है जो भाग III में है
(B) अनुच्छेद 50 — राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों, स्थानों और वस्तुओं का संरक्षण
(C) अनुच्छेद 38 — सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय पर आधारित सामाजिक व्यवस्था द्वारा लोक कल्याण की अभिवृद्धि
(D) अनुच्छेद 51 — अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की अभिवृद्धि

62. राष्ट्रपति से संबंधित संविधान के अनुच्छेदों के संदर्भ में सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए:

सूची-I (अनुच्छेद)

A. अनुच्छेद 54
B. अनुच्छेद 61
C. अनुच्छेद 72
D. अनुच्छेद 123

सूची-II (विषय)

1. अध्यादेश प्रख्यापित करने की शक्ति
2. क्षमा आदि करने की शक्ति
3. महाभियोग की प्रक्रिया
4. राष्ट्रपति का निर्वाचन

सही कूट चुनिए:

(A) A-1, B-2, C-3, D-4
(B) A-3, B-4, C-2, D-1
(C) A-4, B-3, C-1, D-2
(D) A-4, B-3, C-2, D-1

RASTestSeries.com

63. पंचायती राज, आरक्षण की अवधि, आर्थिक रूप से दुर्बल वर्गों और राष्ट्रीय आपात के आधार से जुड़े संविधान संशोधनों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?

(A) 44वें संविधान संशोधन ने अनुच्छेद 352 में राष्ट्रीय आपात के आधार के रूप में 'आंतरिक अशांति' के स्थान पर 'सशस्त्र विद्रोह' शब्द रखे।

(B) 103वें संविधान संशोधन द्वारा अनुच्छेद 15(6) और 16(6) में किया गया आर्थिक रूप से दुर्बल वर्गों का अधिकतम 10 प्रतिशत आरक्षण अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के आर्थिक रूप से दुर्बल व्यक्तियों पर भी लागू होता है।

(C) 73वें संविधान संशोधन ने ग्यारहवीं अनुसूची जोड़ी, जिसमें पंचायतों के 29 विषय सूचीबद्ध हैं।

(D) 95वें संविधान संशोधन ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के स्थानों के आरक्षण की अवधि को अनुच्छेद 334 में साठ से बढ़ाकर सत्तर वर्ष किया।

64. राजस्थान उच्च न्यायालय के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. उच्च न्यायालय की मुख्य पीठ जोधपुर में है, जबकि जयपुर में इसकी खंडपीठ 1977 में स्थापित की गई।
2. उच्च न्यायालय का न्यायाधीश 62 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक पद धारण करता है।
3. उच्च न्यायालय का न्यायाधीश अपना त्यागपत्र राज्य के राज्यपाल को संबोधित करता है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(A) 1, 2 और 3 (B) केवल 1 और 3

(C) केवल 2 और 3 (D) केवल 1 और 2

65. राज्यपाल और राष्ट्रपति के संबंधों के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. संविधान राज्यपाल को पद से हटाने का कोई आधार या प्रक्रिया निर्धारित नहीं करता; वह राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत पद धारण करता है।
2. राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित धन विधेयक से भिन्न किसी विधेयक को राष्ट्रपति राज्यपाल को यह निर्देश दे सकता है कि वह उसे पुनर्विचार के लिए सदन को लौटा दे; सदन द्वारा पुनः पारित होने पर भी राष्ट्रपति उस पर अनुमति देने के लिए बाध्य नहीं है।
3. जिस विषय के विधेयक को पुरःस्थापित करने के लिए राष्ट्रपति की पूर्व मंजूरी आवश्यक होती, उस विषय पर राज्यपाल राष्ट्रपति के अनुदेश के बिना अध्यादेश जारी नहीं कर सकता।
4. राष्ट्रपति की भाँति राज्यपाल भी सेना न्यायालय (कोर्ट मार्शल) द्वारा दिए गए दंड को क्षमा कर सकता है।
5. किसी राज्य में अनुच्छेद 356 के अंतर्गत उद्घोषणा राज्यपाल के प्रतिवेदन के बिना नहीं की जा सकती।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

(A) केवल चार (B) केवल दो

(C) केवल तीन (D) सभी पाँच

RASTestSeries.com

66. राज्य वित्त आयोग और स्थानीय स्वशासन से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. राज्यपाल प्रत्येक पाँच वर्ष की समाप्ति पर पंचायतों की वित्तीय स्थिति के पुनर्विलोकन के लिए वित्त आयोग का गठन करता है।

2. पंचायतों के लिए गठित वही वित्त आयोग नगरपालिकाओं की वित्तीय स्थिति का भी पुनर्विलोकन करता है।

3. राज्य वित्त आयोग की सिफारिशें राज्य सरकार पर बाध्यकारी होती हैं, इसलिए उन्हें विधानमंडल के समक्ष रखना आवश्यक नहीं है।

4. पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम, 1996 एक संविधान संशोधन अधिनियम है।

5. राजस्थान के छठे राज्य वित्त आयोग ने, जिसके अध्यक्ष प्रद्युम्न सिंह थे, अपना अंतिम प्रतिवेदन वर्ष 2023 में राज्यपाल को सौंपा।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

(A) केवल एक
(B) केवल चार
(C) केवल दो
(D) केवल तीन

67. नीचे दो कथन दिए गए हैं:

अभिकथन (A): जिला कलेक्टर राज्य सरकार का अधिकारी है, फिर भी जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में मतदाता सूची तैयार करने और लोकसभा-विधानसभा निर्वाचनों के संचालन के दौरान वह भारत निर्वाचन आयोग के नियंत्रण, अधीक्षण और अनुशासन के अधीन रहता है।

कारण (R): लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के अनुसार मतदाता सूची और निर्वाचन संचालन के कार्य में लगे अधिकारी और कर्मचारी उस अवधि में निर्वाचन आयोग में प्रतिनियुक्ति पर माने जाते हैं।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(B) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है
(D) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है

RASTestSeries.com

68. नीचे दो कथन दिए गए हैं:

अभिकथन (A): राजस्थान लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद संघ लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष या सदस्य अथवा किसी अन्य राज्य लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष नियुक्त हो सकता है, किंतु राज्य सरकार के अधीन किसी अन्य नियोजन का पात्र नहीं होता।

कारण (R): संविधान ने आयोग के सदस्यों को सेवानिवृत्ति के बाद सरकारी पदों के प्रलोभन से दूर रखकर आयोग की स्वतंत्रता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए यह प्रतिबंध लगाया है।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है

(B) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है

(D) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है

69. सूची-I (व्यक्ति) को सूची-II (लोकपाल-लोकायुक्त व्यवस्था से संबंध) से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:

सूची-I

A. न्यायमूर्ति आई. डी. दुआ

B. न्यायमूर्ति पिनाकी चंद्र घोष

C. डॉ. लक्ष्मीमल सिंघवी

D. मोरारजी देसाई

सूची-II

1. 'लोकपाल' और 'लोकायुक्त' शब्दों के प्रणेता (1963)

2. राजस्थान के प्रथम लोकायुक्त

3. उस प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग के अध्यक्ष, जिसने 1966 में लोकपाल व लोकायुक्त की सिफारिश की

4. लोकपाल के प्रथम अध्यक्ष

(A) A-2, B-4, C-1, D-3

(B) A-2, B-4, C-3, D-1

(C) A-3, B-4, C-1, D-2

(D) A-4, B-2, C-1, D-3

RASTestSeries.com

70. राजस्थान राज्य सूचना आयोग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. राज्य मुख्य सूचना आयुक्त और राज्य सूचना आयुक्तों की नियुक्ति राज्यपाल ऐसी समिति की सिफारिश पर करता है, जिसमें मुख्यमंत्री, विधानसभा में विपक्ष का नेता और मुख्यमंत्री द्वारा नामित एक कैबिनेट मंत्री होते हैं।
2. सूचना का अधिकार (संशोधन) अधिनियम, 2019 के बाद राज्य सूचना आयुक्तों का कार्यकाल और वेतन केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित किया जाता है।
3. राज्य मुख्य सूचना आयुक्त के पद के लिए उच्च न्यायालय का सेवानिवृत्त न्यायाधीश होना अनिवार्य है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(A) 1, 2 और 3 **(B)** केवल 1 और 2

(C) केवल 1 और 3 **(D)** केवल 2 और 3

71. मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 (यथासंशोधित) के अनुसार राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के संदर्भ में सूची-I (प्रावधान) को सूची-II (संबंधित प्राधिकारी) से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:

सूची-I

A. अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति से पूर्व सिफारिश देने वाला

B. अध्यक्ष या सदस्य का त्यागपत्र जिसे संबोधित किया जाता है

C. सिद्ध कदाचार या असमर्थता के आधार पर अध्यक्ष या सदस्य को पद से हटाने का आदेश देने वाला

D. आयोग का वार्षिक और विशेष प्रतिवेदन जिसे प्रस्तुत किया जाता है

सूची-II

1. राज्य सरकार
2. राष्ट्रपति
3. राज्यपाल
4. मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाली समिति

(A) A-4, B-3, C-2, D-1 **(B)** A-4, B-1, C-2, D-3

(C) A-4, B-2, C-1, D-3 **(D)** A-4, B-2, C-3, D-1

72. राजस्थान के मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. हीरालाल शास्त्री राजस्थान के प्रथम मनोनीत मुख्यमंत्री थे, जबकि 1952 के पहले आम चुनाव के बाद टीकाराम पालीवाल प्रथम निर्वाचित मुख्यमंत्री बने।
2. राज्य की मंत्रिपरिषद सामूहिक रूप से राज्यपाल के प्रति उत्तरदायी होती है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(A) 1 और 2 दोनों **(B)** केवल 1

(C) केवल 2 **(D)** न तो 1 और न ही 2

RASTestSeries.com

73. पंचायती राज संस्थाओं में आरक्षण, निर्वाचन-योग्यता और विधिक आधार से जुड़े राजस्थान के प्रावधानों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?

(A) राजस्थान की पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण 73वें संविधान संशोधन द्वारा जोड़े गए उपबंध के अंतर्गत संवैधानिक रूप से अनिवार्य है।

(B) 73वें संविधान संशोधन के अनुरूप राज्य में राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 लागू किया गया।

(C) पंचायती राज चुनाव लड़ने के लिए 2015 में न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता की शर्त लगाई गई, जिसे 2019 में हटा दिया गया।

(D) पंचायतों में पिछड़े वर्गों के लिए स्थानों का आरक्षण संविधान द्वारा अनिवार्य नहीं किया गया है; अनुच्छेद 243-घ(6) राज्य विधानमंडल को ऐसा उपबंध करने की छूट मात्र देता है।

74. सूची-I (राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष) को सूची-II (उनसे जुड़ी विशेषता) से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:

सूची-I

A. नरोत्तम लाल जोशी

B. लक्ष्मण सिंह

C. हीरालाल देवपुरा

D. सुमित्रा सिंह

सूची-II

1. विधानसभा की प्रथम महिला अध्यक्ष

2. विधानसभा अध्यक्ष बनने से ठीक पहले कुछ समय राज्य के मुख्यमंत्री रहे

3. पहली निर्वाचित विधानसभा (1952) के अध्यक्ष

4. 1977 में बने प्रथम गैर-कांग्रेसी विधानसभा अध्यक्ष

(A) A-3, B-4, C-2, D-1 (B) A-3, B-2, C-4, D-1

(C) A-3, B-4, C-1, D-2 (D) A-4, B-3, C-2, D-1

75. राजकोषीय एवं मौद्रिक नीति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. मौद्रिक नीति समिति में छह सदस्य होते हैं, जिनमें तीन भारतीय रिज़र्व बैंक से होते हैं; मत बराबर होने पर गवर्नर का निर्णायक मत होता है।

2. प्राथमिक घाटा, राजकोषीय घाटे में से ब्याज भुगतान घटाकर प्राप्त होता है।

3. नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) बढ़ाने से मुद्रा गुणक बढ़ता है और बैंकों की ऋण देने की क्षमता बढ़ती है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(A) केवल 1 और 2 (B) 1, 2 और 3

(C) केवल 1 और 3 (D) केवल 2 और 3

RASTestSeries.com

76. भारतीय अर्थव्यवस्था के क्षेत्रों और भारत के औद्योगिक प्रदेशों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. हुगली औद्योगिक प्रदेश का विकास नदी-बंदरगाह की सुविधा और जूट-उत्पादक पृष्ठ प्रदेश के कारण जूट उद्योग से आरंभ हुआ।

2. सकल मूल्य वर्धन में द्वितीयक क्षेत्र का हिस्सा प्राथमिक क्षेत्र से अधिक है, यद्यपि रोजगार में प्राथमिक क्षेत्र का हिस्सा अधिक है।

3. गुरुग्राम-दिल्ली-मेरठ प्रदेश के उद्योग मुख्यतः कच्चे माल के निकट स्थित भारी उद्योग हैं, बाज़ार-उन्मुख हल्के उद्योग नहीं।

4. भारत में श्रमबल का सबसे बड़ा भाग अब भी प्राथमिक क्षेत्र में लगा है, जबकि सकल मूल्य वर्धन में सबसे बड़ा योगदान सेवा क्षेत्र का है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

(A) केवल एक
(B) केवल दो
(C) सभी चार
(D) केवल तीन

77. वैश्विक खुशहाली रिपोर्ट (वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट) और भारत की हालिया बहुपक्षीय कूटनीति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह रिपोर्ट ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के वेलबीइंग रिसर्च सेंटर, गैलप और संयुक्त राष्ट्र सतत विकास समाधान नेटवर्क की साझेदारी में प्रकाशित की जाती है।

2. वर्ष 2026 की रिपोर्ट में प्रथम स्थान पाने वाले देश के प्रधानमंत्री ने मई 2026 में ओस्लो में आयोजित तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में भाग लिया।

3. तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में भारत-नॉर्डिक संबंधों को 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी' का दर्जा दिया गया।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(A) 1, 2 और 3
(B) केवल 1
(C) केवल 1 और 2
(D) केवल 2 और 3

RASTestSeries.com

78. बैंकिंग प्रणाली और उसकी डिजिटल सुरक्षा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस (यूपीआई) का संचालन भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम करता है, जबकि भुगतान प्रणालियों का विनियमन भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक करता है।
2. बैंकिंग लेन-देन में प्रयुक्त आरएसए जैसी सार्वजनिक-कुंजी कूटलेखन पद्धतियों की सुरक्षा बड़ी संख्याओं के अभाज्य गुणनखंड निकालने की कठिनाई पर टिकी है, जिसे पर्याप्त सक्षम क्वांटम कंप्यूटर शोर एल्गोरिद्म से तेज़ी से हल कर सकता है।
3. वर्ष 2026 में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के कार्यबल ने महत्वपूर्ण सूचना अवसंरचना के लिए जिस पोस्ट-क्वांटम कूटलेखन की ओर चरणबद्ध स्थानांतरण की रूपरेखा दी, वह फोटॉन आधारित क्वांटम कुंजी वितरण पर निर्भर करता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(A) 1, 2 और 3
(B) केवल 1
(C) केवल 1 और 2
(D) केवल 2 और 3

79. केंद्रीय बजट 2022-23 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. वर्ष 2022-23 के लिए राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद के 6.4 प्रतिशत पर अनुमानित किया गया।
2. किसी आभासी डिजिटल परिसंपत्ति के अंतरण से होने वाली आय पर 30 प्रतिशत की दर से कर का प्रस्ताव किया गया।
3. 'डिजिटल रुपया' भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा जारी किए जाने की घोषणा की गई।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(A) 1, 2 और 3
(B) केवल 1 और 2
(C) केवल 1 और 3
(D) केवल 2 और 3

80. किसी देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की गणना में निम्नलिखित में से कौन-से शामिल किए जाते हैं?

1. वर्ष के दौरान नए आवासीय मकानों का निर्माण
2. किसी कंपनी के पुराने शेयरों की खरीद
3. पिछले वर्ष बनी पुरानी कार की बिक्री का मूल्य
4. सरकारी विद्यालय के शिक्षक को दिया गया वेतन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

(A) 1, 2, 3 और 4
(B) केवल 1 और 4
(C) केवल 1, 2 और 4
(D) केवल 2 और 3

RASTestSeries.com

81. आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के प्रावधानों और कल्याण लाभों के डिजिटल वितरण की सुरक्षा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. केंद्र सरकार की नौकरियों में ईडब्ल्यूएस आरक्षण के लिए परिवार की 8 लाख रुपये से कम सकल वार्षिक आय की गणना में कृषि से होने वाली आय सम्मिलित नहीं की जाती।

2. जनहित अभियान मामले (2022) में बहुमत ने माना कि केवल आर्थिक मानदंड पर आधारित आरक्षण संविधान के मूल ढाँचे का उल्लंघन नहीं करता और आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा अपरिवर्तनीय नहीं है।

3. वर्ष 2026 में बैंकिंग, वित्तीय सेवा एवं बीमा क्षेत्र के लिए जारी 'डिजिटल थ्रेट रिपोर्ट 2025-26' ने साइबर सुरक्षा के लिए आवधिक लेखा-परीक्षा के स्थान पर निरंतर जोखिम आकलन अपनाने की सिफ़ारिश की।

4. एंटीवायरस की व्यवहार-आधारित या ह्यूरिस्टिक पहचान पहले कभी न देखे गए मैलवेयर को भी चिह्नित कर सकती है, किंतु इसमें सिग्नेचर-आधारित पहचान की तुलना में मिथ्या सकारात्मक (फ़ॉल्स पॉज़िटिव) परिणामों की संभावना अधिक रहती है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(A) केवल 2, 3 और 4 **(B)** 1, 2, 3 और 4

(C) केवल 2 और 3 **(D)** केवल 3 और 4

82. अभिकथन (A): आपूर्ति-आघात से उत्पन्न लागत-जन्य मुद्रास्फीति को केवल मौद्रिक सख्ती से नियंत्रित करना, माँग-जन्य मुद्रास्फीति की तुलना में अधिक कठिन होता है।

कारण (R): मौद्रिक सख्ती मुख्यतः समग्र माँग को घटाती है; यह आपूर्ति-आघात से प्रभावित वस्तुओं की आपूर्ति को प्रत्यक्ष रूप से नहीं बढ़ाती।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:

(A) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है **(B)** A गलत है, परन्तु R सही है

(C) A सही है, परन्तु R गलत है **(D)** A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है

83. भारत में सरकारी निधियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. भारत की संचित निधि का प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 266(1) में है और इससे कोई भी धन संसदीय विनियोग के बिना नहीं निकाला जा सकता।

2. भारत के लोक लेखा से भुगतान के लिए संसद के विनियोग की आवश्यकता नहीं होती।

3. भारत की संचित निधि पर भारित व्यय पर लोकसभा में मतदान नहीं होता, परन्तु उस पर चर्चा की जा सकती है।

4. भारत की आकस्मिकता निधि नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के अधिकार में रखी जाती है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

(A) केवल एक **(B)** केवल दो

(C) सभी चार **(D)** केवल तीन

RASTestSeries.com

84. आर्थिक संवृद्धि एवं विकास के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. आर्थिक संवृद्धि मुख्यतः मात्रात्मक अवधारणा है, जबकि आर्थिक विकास में संवृद्धि के साथ जीवन-स्तर और संरचनात्मक परिवर्तन जैसे गुणात्मक पक्ष भी शामिल होते हैं।
2. मानव विकास सूचकांक में जीवन-स्तर को बाज़ार विनिमय दर पर मापे गए प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद से मापा जाता है।
3. सतत विकास की सर्वाधिक प्रचलित परिभाषा 1987 की ब्रंटलैंड आयोग की रिपोर्ट 'हमारा साझा भविष्य' (अवर कॉमन फ़्यूचर) में दी गई थी।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(A) 1, 2 और 3
(B) केवल 1 और 2
(C) केवल 1 और 3
(D) केवल 2 और 3

85. राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की स्थापना किस अधिनियम के अंतर्गत की गई थी?

(A) सड़क परिवहन निगम अधिनियम, 1950
(B) कंपनी अधिनियम, 1956
(C) मोटर वाहन अधिनियम, 1988
(D) राजस्थान मोटर वाहन कराधान अधिनियम, 1951

86. राजस्थान की शुष्क कृषि के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. बाजरे के क्षेत्रफल और उत्पादन दोनों में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है।
2. पश्चिमी राजस्थान के खेतों में खेजड़ी को बाजरे के साथ इसलिए रखा जाता है कि यह दलहनी, नाइट्रोजन-स्थिरीकरण करने वाला और गहरी जड़ों वाला वृक्ष है, जो फसल से नमी के लिए कम प्रतिस्पर्धा करता है।
3. भारत राष्ट्रीय कृषि वानिकी नीति (2014) अपनाने वाला विश्व का पहला देश है।
4. राजस्थान में बाजरा मुख्यतः सिंचित रबी फसल के रूप में उगाया जाता है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(A) केवल 1 और 2
(B) केवल 1 और 3
(C) केवल 2, 3 और 4
(D) केवल 1, 2 और 3

RASTestSeries.com

87. राजस्थान में संचालित कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. कालीबाई भील उड़ान योजना के अंतर्गत 10 से 45 वर्ष आयु की महिलाओं और किशोरियों को निःशुल्क सैनिटरी नैपकिन दिए जाते हैं।

2. मुख्यमंत्री एकल नारी सम्मान पेंशन योजना के लाभार्थियों में 18 वर्ष या अधिक आयु की विधवा, तलाकशुदा और परित्यक्ता महिलाएँ शामिल हैं।

3. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों की 40 वर्ष या अधिक आयु की विधवाओं के लिए है।

4. नंद घर योजना में आँगनबाड़ी केंद्रों के आधुनिकीकरण के लिए टाटा ट्रस्ट्स के साथ समझौता किया गया है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

(A) केवल एक **(B)** केवल दो

(C) केवल तीन **(D)** सभी चार

88. सूची-I (खनिज आधारित इकाई) को सूची-II (जिला) से सुमेलित कीजिए:

सूची-I

A. कायड़ सीसा-जस्ता खान

B. खेतड़ी ताम्र परिसर

C. सिंदेसर खुर्द सीसा-जस्ता खान

D. झामरकोटड़ा रॉक फॉस्फेट खान

सूची-II

1. उदयपुर

2. राजसमंद

3. झुंझुनूं

4. अजमेर

कूट:

(A) A-1, B-3, C-2, D-4 **(B)** A-4, B-3, C-2, D-1

(C) A-2, B-3, C-4, D-1 **(D)** A-4, B-3, C-1, D-2

RASTestSeries.com

89. राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् (राजीविका) के संबंध में निम्नलिखित पर विचार कीजिए:

1. इसका गठन अक्टूबर 2010 में एक स्वायत्त संस्था के रूप में किया गया।
2. यह राजस्थान सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1958 के अंतर्गत पंजीकृत है।
3. राज्य में दीनदयाल अंत्योदय योजना – राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का क्रियान्वयन इसके द्वारा किया जाता है।
4. यह महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करती है।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:

(A) केवल 1, 2 और 3 **(B)** 1, 2, 3 और 4

(C) केवल 1 और 2 **(D)** केवल 2, 3 और 4

90. राजस्थान में शिक्षा और साक्षरता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. जनगणना 2011 के अनुसार पुरुष और महिला साक्षरता दर का अंतर राजस्थान में देश के सभी राज्यों में सर्वाधिक था।
2. गार्गी पुरस्कार कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त करने वाली बालिकाओं को दिया जाता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(A) 1 और 2 दोनों **(B)** केवल 2

(C) केवल 1 **(D)** न तो 1 और न ही 2

91. सूची-I (कृषि अनुसंधान संस्थान) को सूची-II (राजस्थान में स्थान) से सुमेलित कीजिए:

सूची-I

A. राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केंद्र

B. केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान

C. सरसों अनुसंधान निदेशालय

D. केंद्रीय शुष्क बागवानी संस्थान

सूची-II

1. बीकानेर
2. सेवर (भरतपुर)
3. अविकानगर (टोंक)
4. तबीजी (अजमेर)

कूट:

(A) A-1, B-3, C-2, D-4 **(B)** A-2, B-3, C-4, D-1

(C) A-4, B-3, C-1, D-2 **(D)** A-4, B-3, C-2, D-1

RASTestSeries.com

92. राजस्थान की राज्य आय के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. राज्य के सकल राज्य मूल्य वर्धन में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र का हिस्सा अखिल भारतीय औसत की तुलना में अधिक है।

2. स्थिर कीमतों पर राज्य आय के अनुमान 2004-05 के आधार वर्ष पर तैयार किए जाते हैं।

3. शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद प्राप्त करने के लिए सकल राज्य घरेलू उत्पाद में से स्थिर पूँजी का उपभोग (मूल्यह्रास) घटाया जाता है।

4. सकल राज्य मूल्य वर्धन में उत्पाद कर जोड़ने और उत्पाद सब्सिडी घटाने पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद प्राप्त होता है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(A) केवल 1, 3 और 4 **(B)** 1, 2, 3 और 4

(C) केवल 2, 3 और 4 **(D)** केवल 3 और 4

93. राजस्थान में स्वास्थ्य क्षेत्र की योजनाओं/अभियानों और उनके उद्देश्य के निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:

1. मिशन मधुहारी – टाइप-1 मधुमेह से पीड़ित बच्चों को निःशुल्क इंसुलिन व ग्लूकोमीटर

2. राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना – मंत्रियों, विधायकों, राज्य कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को कैशलेस चिकित्सा

3. आयुष्मान वय वंदन योजना – 60 वर्ष या अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य बीमा

4. मिशन मधुनेत्र – मधुमेह रोगियों में डायबिटिक रेटिनोपैथी की प्रारंभिक जाँच

उपर्युक्त में से कौन-से युग्म सुमेलित हैं?

(A) 1, 2, 3 और 4 **(B)** केवल 1, 2 और 4

(C) केवल 1 और 4 **(D)** केवल 2, 3 और 4

RASTestSeries.com

94. बालिकाओं, महिलाओं और बच्चों से संबंधित योजनाओं के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. काली बाई भील महिला संबल शिक्षा सेतु योजना के अंतर्गत विद्यालय छोड़ चुकी बालिकाओं और महिलाओं को राजस्थान राज्य ओपन स्कूल के माध्यम से माध्यमिक/उच्च माध्यमिक शिक्षा का अवसर दिया जाता है और प्रवेश व परीक्षा शुल्क राज्य सरकार वहन करती है।

2. लाडो प्रोत्साहन योजना का लाभ उस बालिका को मिलता है जिसकी माता राजस्थान की निवासी हो और जिसका जन्म संस्थागत प्रसव से हुआ हो।

3. मिशन शक्ति की उप-योजना 'सामर्थ्य' के अंतर्गत राज्य एवं जिला महिला सशक्तीकरण हब स्थापित किए गए हैं।

4. प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में प्रत्येक जीवित जन्म पर, संतान के क्रम और लिंग से निरपेक्ष, समान नकद लाभ दिया जाता है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(A) 1, 2, 3 और 4
(B) केवल 1 और 2
(C) केवल 1, 2 और 3
(D) केवल 1, 3 और 4

95. राज्य आय के आकलन से संबंधित निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा असत्य है?

(A) प्रचलित कीमतों पर राज्य आय की वृद्धि में उत्पादन वृद्धि और कीमत वृद्धि दोनों का प्रभाव सम्मिलित रहता है।
(B) राजस्थान की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय प्रति व्यक्ति आय से कम रही है।
(C) राज्य की प्रति व्यक्ति आय सकल राज्य घरेलू उत्पाद को राज्य की जनसंख्या से भाग देकर निकाली जाती है।
(D) स्थिर कीमतों पर राज्य आय के अनुमान कीमतों में परिवर्तन के प्रभाव को हटाकर उत्पादन की वास्तविक वृद्धि दर्शाते हैं।

96. जानवरों से मनुष्य तक पहुँचने वाले संक्रमणों के रोगकारक, वाहक और प्राकृतिक आश्रयदाता के बारे में दिए गए निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा असत्य है?

(A) स्क्रब टाइफस ओरिएंशिया त्सुत्सुगामुशी नामक जीवाणु से होता है और मनुष्य में इसका संचरण मुख्यतः संक्रमित किलनी (टिक) के काटने से होता है।
(B) क्यासानूर वन रोग एक विषाणु जनित रोग है जो संक्रमित किलनी के काटने से फैलता है, और वन क्षेत्र में बंदरों की असामान्य मृत्यु प्रायः इसके प्रकोप का पूर्व-संकेत मानी जाती है।
(C) निपाह विषाणु के प्राकृतिक आश्रयदाता फल खाने वाले चमगादड़ (टेरोपस वंश) हैं, जबकि मलेशिया के 1998-99 के प्रकोप में सूअर मध्यवर्ती पोषी के रूप में मनुष्य तक संक्रमण पहुँचाने का माध्यम बने थे।
(D) हंतावायरस संक्रमण के प्राकृतिक आश्रयदाता कृंतक (चूहे आदि) हैं और मनुष्य में यह प्रायः उनके मूत्र, मल या लार से दूषित धूल-कणों के श्वास द्वारा भीतर जाने से फैलता है, किसी कीट-वाहक से नहीं।

RASTestSeries.com

97. जीवाणु जनित रोगों और राजस्थान में स्वास्थ्य सुरक्षा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. क्षय रोग माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस जीवाणु से होता है और सिलिका धूल के लंबे संपर्क में रहने वाले खनन एवं पत्थर-घिसाई श्रमिकों में इसका जोखिम सामान्य से अधिक होता है।

2. राजस्थान की सिलिकोसिस नीति-2019 में सिलिकोसिस प्रमाणित होने पर पीड़ित को पुनर्वास हेतु आर्थिक सहायता तथा मासिक पेंशन देने का प्रावधान है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(A) केवल 1 **(B)** केवल 2

(C) न तो 1 और न ही 2 **(D)** 1 और 2 दोनों

98. एंटीवायरस सॉफ्टवेयर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. हस्ताक्षर-आधारित (सिग्नेचर-आधारित) पहचान ज्ञात मैलवेयर के कोड-पैटर्न का डेटाबेस से मिलान करती है, इसलिए इस डेटाबेस का नियमित अद्यतन आवश्यक है।

2. अनुमानी (ह्यूरिस्टिक) विश्लेषण किसी प्रोग्राम के व्यवहार या कोड की संदिग्ध विशेषताओं के आधार पर नए और अज्ञात मैलवेयर की भी पहचान कर सकता है।

3. 'क्वारंटाइन' का अर्थ है संक्रमित फ़ाइल को कंप्यूटर से तत्काल स्थायी रूप से हटा देना।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं? नीचे दिए गए कूट से उत्तर चुनिए।

(A) 1, 2 और 3 **(B)** केवल 1 और 2

(C) केवल 1 और 3 **(D)** केवल 2 और 3

99. पादप जैव-प्रौद्योगिकी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. बीटी कपास में बैसिलस थुरिन्जिएंसिस जीवाणु का 'क्राई' जीन डाला गया है, जो डोडा-कृमि (बॉलवर्म) के विरुद्ध प्रतिरोध देता है।

2. 'गोल्डन राइस' को बीटा-कैरोटीन (प्रो-विटामिन ए) से समृद्ध करने के लिए विकसित किया गया।

3. 'फ्लेवर सेवर' टमाटर को मुख्यतः उसमें विटामिन सी की मात्रा बढ़ाने के लिए आनुवंशिक रूप से रूपांतरित किया गया था।

4. विभज्योतक (मेरिस्टेम) संवर्धन द्वारा विषाणु-संक्रमित पौधे से भी विषाणु-मुक्त पौधे प्राप्त किए जा सकते हैं।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं? नीचे दिए गए कूट से उत्तर चुनिए।

(A) केवल 1, 2 और 4 **(B)** 1, 2, 3 और 4

(C) केवल 1 और 3 **(D)** केवल 2, 3 और 4

RASTestSeries.com

100. निम्नलिखित कंप्यूटर युक्तियों पर विचार कीजिए:

1. स्कैनर
2. प्लॉटर
3. लाइट पेन
4. प्रकाशीय चिह्न पाठक (ओएमआर)

इनमें से कौन-सी इनपुट युक्तियाँ हैं? नीचे दिए गए कूट से उत्तर चुनिए।

(A) 1, 2, 3 और 4 **(B)** केवल 1, 3 और 4

(C) केवल 1 और 2 **(D)** केवल 2, 3 और 4

101. जैव-प्रौद्योगिकी के विकास और उससे जुड़े संस्थानों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?

(A) 'बायोटेक्नोलॉजी' शब्द का प्रयोग सबसे पहले किसी जीवविज्ञानी ने नहीं, बल्कि हंगरी के कृषि-अभियंता कार्ल एरेकी ने 1919 में किया था।

(B) अगस्त 2026 में मोहाली स्थित ब्रिक-नाबी में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में 'ग्रीन फोर्ज' सुविधा को कृषि अनुसंधान हेतु प्रकाश, आर्द्रता और तापमान के नियंत्रित वातावरण वाली व्यवस्था के रूप में प्रस्तुत किया गया।

(C) स्टेनली कोहेन और हर्बर्ट बॉयर ने 1970 के दशक के आरंभ में प्रतिबंधन एंजाइम की सहायता से प्रतिजैविक-प्रतिरोधी जीन को प्लाज़्मिड से जोड़कर पुनर्योगज प्लाज़्मिड बनाया और उसे जीवाणु (ई. कोलाई) में स्थानांतरित किया।

(D) वयस्क कायिक कोशिका से क्लोन किए गए पहले स्तनधारी 'डॉली' के निर्माण में वयस्क भेड़ की स्तन-ग्रंथि कोशिका का केंद्रक दूसरी भेड़ के ऐसे अंडाणु में डाला गया था, जिसका अपना केंद्रक भी उसमें यथावत रखा गया था।

102. सूची-I (विटामिन) को सूची-II (उसकी कमी से जुड़ा विकार) से सुमेलित कीजिए:

सूची-I

A. राइबोफ्लेविन (बी2)

B. नियासिन (बी3)

C. फोलिक अम्ल (बी9)

D. कोबालामिन (बी12)

सूची-II

1. आमाशय में आंतरिक कारक (इंट्रिंसिक फ़ैक्टर) के अभाव से अवशोषण न होने पर प्रणाशी (पर्निशियस) रक्ताल्पता
2. पेलाग्रा
3. गर्भावस्था के आरंभ में कमी होने पर गर्भस्थ शिशु में तंत्रिका-नलिका दोष
4. मुख के कोनों का फटना (कोणीय मुखपाक)

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:

(A) A-4, B-2, C-3, D-1 **(B)** A-1, B-2, C-3, D-4

(C) A-3, B-2, C-4, D-1 **(D)** A-4, B-2, C-1, D-3

RASTestSeries.com

103. भारत की रक्षा प्रौद्योगिकी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. ब्रह्मोस भारत और रूस के संयुक्त उपक्रम द्वारा विकसित एक पराध्वनिक (सुपरसोनिक) क्रूज़ मिसाइल है।
2. अग्नि श्रृंखला की मिसाइलें सतह-से-हवा में मार करने वाली वायु रक्षा मिसाइलें हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(A) 1 और 2 दोनों
(B) केवल 2
(C) केवल 1
(D) न तो 1 और न ही 2

104. निम्नलिखित फसलों पर विचार कीजिए:

1. मक्का
2. गन्ना
3. गेहूँ
4. ज्वार
5. धान

इनमें से किनमें प्रकाश-संश्लेषण का सी4 पथ (हैच-स्लैक चक्र) पाया जाता है? नीचे दिए गए कूट से उत्तर चुनिए।

(A) केवल 1, 2 और 3
(B) केवल 1, 2 और 5
(C) केवल 1, 2 और 4
(D) केवल 1, 2, 4 और 5

105. कोशिका के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. राइबोसोम प्राक्केंद्रकी और सुकेंद्रकी दोनों कोशिकाओं में पाए जाते हैं; प्राक्केंद्रकी में ये 70एस और सुकेंद्रकी कोशिकाद्रव्य में 80एस प्रकार के होते हैं।
2. माइटोकॉन्ड्रिया और हरितलवक दोनों में अपना डीएनए और राइबोसोम होते हैं।
3. लयनकाय (लाइसोसोम) गॉल्जी उपकरण से बनते हैं और इनके जल-अपघटनी एंजाइम अम्लीय पीएच पर सर्वाधिक सक्रिय रहते हैं।
4. तारककाय (सेंट्रियोल) जंतु कोशिकाओं के साथ-साथ अधिकांश उच्च पादप कोशिकाओं में भी पाया जाता है।
5. प्लाज़्मा झिल्ली का तरल-मोज़ेक प्रतिरूप सिंगर और निकोलसन ने प्रस्तुत किया था।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

(A) केवल चार
(B) केवल तीन
(C) केवल दो
(D) सभी पाँच

106. भारत के मानव अंतरिक्ष उड़ान प्रयासों और उनसे जुड़े सम्मानों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा करने वाले पहले भारतीय ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को जनवरी 2026 में अशोक चक्र प्रदान किया गया।
2. गगनयान मिशन के लिए चयनित अंतरिक्ष यात्रियों में से एक ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर को जनवरी 2026 में कीर्ति चक्र प्रदान किया गया।
3. गगनयान मिशन में वापसी के समय क्रू मॉड्यूल को पैराशूटों की सहायता से समुद्र के बजाय भूमि पर उतारने की

योजना है।

4. गगनयान मिशन का लक्ष्य मानव दल को लगभग 400 किलोमीटर ऊँचाई की निम्न पृथ्वी कक्षा में भेजकर सुरक्षित वापस लाना है।

5. शुभांशु शुक्ला का एक्सिओम-4 मिशन इसरो के एलवीएम3 प्रक्षेपण यान से प्रक्षेपित किया गया था।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

(A) केवल तीन (B) केवल चार

(C) केवल दो (D) सभी पाँच

107. रोगों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. लेप्टोस्पाइरोसिस एक जीवाणु जनित पशुजन्य रोग है, जो प्रायः संक्रमित चूहों आदि के मूत्र से दूषित जल या मिट्टी के संपर्क से फैलता है।

2. टाइप-1 मधुमेह एक स्व-प्रतिरक्षी रोग है, जिसमें अग्न्याशय की इंसुलिन बनाने वाली बीटा कोशिकाएँ नष्ट हो जाती हैं।

3. जापानी मस्तिष्क ज्वर में सूअर विषाणु के प्रवर्धक पोषी होते हैं, क्यूलेक्स मच्छर वाहक होते हैं और मनुष्य 'अंतिम पोषी' होता है।

4. हेपेटाइटिस-बी मुख्यतः दूषित भोजन और जल (मल-मुख मार्ग) से फैलता है।

5. रेबीज़ विषाणु काटने के स्थान से रक्त प्रवाह के माध्यम से मस्तिष्क तक पहुँचता है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

(A) केवल चार (B) केवल दो

(C) सभी पाँच (D) केवल तीन

108. सूची-I (नैनो पदार्थ) को सूची-II (उसकी संरचना या गुण) से सुमेलित कीजिए:

सूची-I

A. ग्राफीन

B. फुलरीन (सी-60)

C. क्वांटम डॉट

D. रजत (सिल्वर) नैनोकण

सूची-II

1. क्वांटम परिरोध के कारण कण का आकार घटाने पर ऊर्जा-अंतराल बढ़ता है और उत्सर्जित प्रकाश नीले रंग की ओर खिसकता है

2. चालन इलेक्ट्रॉनों के सामूहिक दोलन (सतह प्लाज़्मॉन अनुनाद) से दृश्य प्रकाश का तीव्र अवशोषण होता है, जिससे इनके कोलॉइड का रंग कणों के आकार और आकृति के साथ बदलता है

3. एक परमाणु मोटी द्वि-आयामी परत, जिसकी अनेक परतों के ढेर से ग्रेफाइट बनता है

4. बंद अणु-संरचना के कारण किनारों पर कोई असंतृप्त (लटकते) बंध नहीं होते, इसलिए इसे अपने तत्व का शुद्धतम रूप माना जाता है

RASTestSeries.com

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:

(A) A-3, B-1, C-4, D-2
(B) A-3, B-4, C-1, D-2
(C) A-3, B-2, C-1, D-4
(D) A-3, B-4, C-2, D-1

109. किसी रोबोट द्वारा अपने परिवेश और अपनी स्थिति की जानकारी जुटाने के संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार कीजिए:

1. लिडार
2. सर्वो मोटर
3. अवरक्त निकटता संवेदक
4. घूर्णदर्शी (जाइरोस्कोप)
5. ग्रिपर

इनमें से कौन-से संवेदक (सेंसर) हैं? नीचे दिए गए कूट से उत्तर चुनिए।

(A) केवल 1, 2 और 3
(B) केवल 1, 3 और 4
(C) केवल 1, 3, 4 और 5
(D) केवल 2, 4 और 5

110. मानव शरीर की निम्नलिखित ग्रंथियों पर विचार कीजिए:

1. पीयूष ग्रंथि
2. अवटु (थायरॉयड) ग्रंथि
3. लार ग्रंथि
4. अधिवृक्क ग्रंथि
5. स्वेद ग्रंथि

इनमें से कौन-सी अंतःस्रावी (नलिकाविहीन) ग्रंथियाँ हैं? नीचे दिए गए कूट से उत्तर चुनिए।

(A) 1, 2, 3, 4 और 5
(B) केवल 1, 2 और 4
(C) केवल 1, 3 और 5
(D) केवल 2, 3 और 4

111. किसी झील में आसपास के खेतों से नाइट्रेट और फॉस्फेट युक्त उर्वरक बहकर पहुँचने के कुछ समय बाद शैवाल की अत्यधिक वृद्धि होती है और फिर बड़ी संख्या में मछलियाँ मरने लगती हैं। मछलियों की मृत्यु का सबसे प्रत्यक्ष कारण क्या है?

(A) उर्वरकों में उपस्थित नाइट्रेट का मछलियों पर सीधा विषैला प्रभाव
(B) जल के तापमान में अचानक भारी गिरावट
(C) शैवाल द्वारा प्रकाश-संश्लेषण से जल में ऑक्सीजन की अधिकता
(D) मृत शैवाल के जीवाणुओं द्वारा अपघटन से जल में घुलित ऑक्सीजन की भारी कमी

RASTestSeries.com

112. 100 व्यक्तियों के एक सर्वेक्षण में ज्ञात हुआ कि 60 व्यक्ति हिंदी समाचार-पत्र, 45 अंग्रेज़ी समाचार-पत्र और 30 राजस्थानी समाचार-पत्र पढ़ते हैं। 20 व्यक्ति हिंदी और अंग्रेज़ी दोनों, 15 हिंदी और राजस्थानी दोनों तथा 10 अंग्रेज़ी और राजस्थानी दोनों पढ़ते हैं, जबकि 5 व्यक्ति तीनों समाचार-पत्र पढ़ते हैं। कितने व्यक्ति केवल एक ही समाचार-पत्र पढ़ते हैं?

(A) 30 (B) 45

(C) 60 (D) 55

113. एक नगर में मुख्य सड़कों पर अलग साइकिल लेन बनाए जाने के अगले एक वर्ष में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 20 प्रतिशत कम हो गई। नगर निगम का निष्कर्ष है कि साइकिल लेन के कारण ही दुर्घटनाएँ घटी हैं।

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, यदि सत्य हो, तो नगर निगम के निष्कर्ष को सबसे अधिक कमज़ोर करता है?

(A) उसी वर्ष नगर में यातायात नियमों के उल्लंघन पर जुर्माने कई गुना बढ़ाए गए और सभी प्रमुख चौराहों पर निगरानी कैमरे लगाए गए।

(B) पड़ोसी नगर में साइकिल लेन नहीं बनी और वहाँ उसी अवधि में दुर्घटनाएँ लगभग पहले जितनी ही रहीं।

(C) साइकिल लेन बनने के बाद साइकिल से कार्यालय जाने वाले लोगों की संख्या बढ़ी।

(D) साइकिल लेन बनाने पर नगर निगम का व्यय प्रारंभिक अनुमान से अधिक हुआ।

114. निम्नलिखित संख्या श्रृंखला में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी?

5, 11, 23, 47, 95, ?

(A) 143 (B) 189

(C) 190 (D) 191

115. कथन: क्या ग्राम पंचायत स्तर पर सभी सरकारी सेवाओं के आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाने चाहिए?

तर्क:

I. हाँ, इससे आवेदनों के निस्तारण में पारदर्शिता बढ़ेगी और बिचौलियों की भूमिका घटेगी।

II. नहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता और इंटरनेट की पहुँच अभी सभी तक नहीं है, जिससे अनेक पात्र नागरिक सेवाओं से वंचित रह जाएँगे।

III. हाँ, अधिकांश विकसित देशों में सरकारी सेवाएँ ऑनलाइन ही दी जाती हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से तर्क प्रबल है/हैं?

(A) केवल I और II (B) I, II और III सभी

(C) केवल I और III (D) केवल II

RASTestSeries.com

116. एक कूट भाषा में:

A + B का अर्थ है A, B की माता है;

A − B का अर्थ है A, B का भाई है;

A × B का अर्थ है A, B की पत्नी है;

A ÷ B का अर्थ है A, B का पिता है।

निम्नलिखित में से कौन-सा व्यंजक यह दर्शाता है कि M, N का मामा है?

(A) L ÷ M − K ÷ N **(B)** L + M − K + N

(C) M × L − K + N **(D)** M ÷ K − L + N

117. सुबह की सैर में मीना पार्क के मुख्य द्वार से पूर्व की ओर 12 मीटर गई। वहाँ से बाईं ओर घूमकर 5 मीटर, फिर पुनः बाईं ओर घूमकर 12 मीटर और अंत में दाईं ओर घूमकर 7 मीटर चलकर वह एक बेंच पर बैठ गई। वह बेंच मुख्य द्वार से किस दिशा में और कितनी दूर है?

(A) उत्तर में 36 मीटर **(B)** दक्षिण में 12 मीटर

(C) दक्षिण में 2 मीटर **(D)** उत्तर में 12 मीटर

118. एक कूट भाषा में KOTA को CSQJ और BUNDI को KCPTD लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में SIKAR को कैसे लिखा जाएगा?

(A) QCJKR **(B)** TCMKU

(C) UHMZT **(D)** TZMHU

119. नीचे दिए गए शब्दों का सार्थक क्रम कौन-सा है?

1. कमरा
2. मिट्टी
3. मोहल्ला
4. ईंट
5. मकान
6. दीवार

(A) 2, 4, 1, 6, 5, 3 **(B)** 2, 4, 6, 1, 5, 3

(C) 2, 4, 6, 5, 1, 3 **(D)** 4, 2, 6, 1, 5, 3

RASTestSeries.com

120. एक वर्ग ABCD के दोनों विकर्ण AC और BD खींचे गए हैं। साथ ही उसकी भुजाओं AB, BC, CD और DA के मध्य-बिंदुओं P, Q, R और S को क्रम से मिलाकर भीतर एक वर्ग PQRS बनाया गया है (PQRS के अपने विकर्ण नहीं खींचे गए हैं)। इस पूरी आकृति में कुल कितने त्रिभुज हैं?

(A) 12 (B) 20

(C) 16 (D) 24

121. आठ सहेलियाँ अनीता, बबीता, चंदा, दीपा, एकता, फरहा, गीता और हेमा एक वर्गाकार मेज़ के चारों ओर बैठी हैं। चार सहेलियाँ मेज़ के कोनों पर केंद्र की ओर मुख करके बैठी हैं और शेष चार प्रत्येक भुजा के मध्य में केंद्र से विपरीत (बाहर की ओर) मुख करके बैठी हैं।

1. अनीता एक कोने पर बैठी है।
2. दीपा, अनीता के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठी है।
3. फरहा, दीपा के ठीक दाएँ बैठी है।
4. बबीता, फरहा के ठीक सामने बैठी है।
5. गीता, बबीता के ठीक बाएँ बैठी है।
6. चंदा, अनीता की पड़ोसी नहीं है।
7. एकता का मुख केंद्र की ओर है।

हेमा के बाएँ से तीसरे स्थान पर कौन बैठी है?

(A) एकता (B) गीता

(C) दीपा (D) बबीता

122. जयपुर के एक वाचनालय की अलमारी में 7 हिंदी और 3 अंग्रेज़ी उपन्यास रखे हैं। एक पाठक बिना देखे इनमें से तीन उपन्यास एक साथ उठा लेता है। उठाए गए उपन्यासों में ठीक एक अंग्रेज़ी उपन्यास होने की प्रायिकता क्या है?

(A) 21/40 (B) 17/24

(C) 441/1000 (D) 7/24

123. प्रचलित मूल्यों पर राजस्थान के क्षेत्रवार सकल राज्य मूल्य वर्धन (GSVA) के अनुमान (₹ लाख करोड़ में, पूर्णांकित) निम्नलिखित हैं:

वर्ष 2024-25: कृषि क्षेत्र 4.26, उद्योग क्षेत्र 4.25, सेवा क्षेत्र 7.20

वर्ष 2025-26: कृषि क्षेत्र 4.41, उद्योग क्षेत्र 4.54, सेवा क्षेत्र 8.17

दिए गए आँकड़ों के आधार पर, 2024-25 की तुलना में 2025-26 में कुल GSVA में हुई वृद्धि में सेवा क्षेत्र का अंश लगभग कितना है?

(A) 13.5 प्रतिशत (B) 69 प्रतिशत

(C) 21 प्रतिशत (D) 48 प्रतिशत

RASTestSeries.com

124. पाँच संख्याओं का समांतर माध्य 18 है। यदि इनमें से संख्या 26 के स्थान पर 16 रख दी जाए, तो नया समांतर माध्य क्या होगा?

(A) 17 (B) 20

(C) 16 (D) 8

125. 60 मीटर लंबे और 40 मीटर चौड़े एक आयताकार पार्क के बाहर चारों ओर 2.5 मीटर चौड़ा रास्ता बना है। ₹50 प्रति वर्ग मीटर की दर से इस रास्ते को पक्का करवाने का व्यय कितना होगा?

(A) ₹23,750 (B) ₹26,250

(C) ₹25,000 (D) ₹27,500

126. चीनी के मूल्य में 25% की वृद्धि हो जाती है। एक परिवार चाहता है कि चीनी पर उसका व्यय पहले की तुलना में केवल 10% ही बढ़े। इसके लिए उसे चीनी की खपत में कितने प्रतिशत की कमी करनी होगी?

(A) 10% (B) 15%

(C) 12% (D) 20%

127. अंग्रेज़ी शब्द RAJASTHAN के सभी अक्षरों को कितने प्रकार से व्यवस्थित किया जा सकता है कि कोई भी दो A एक-दूसरे के साथ (आसन्न) न आएँ?

(A) 1,51,200 (B) 5,040

(C) 55,440 (D) 25,200

128. मीना ने बाड़मेर में कशीदाकारी उत्पादों की दुकान ₹36,000 लगाकर शुरू की। कुछ महीनों बाद रेखा ₹48,000 लेकर उसमें साझेदार बनी और दोनों ने तय किया कि लाभ पूँजी-समय के अनुपात में बँटेगा। दुकान खुलने से एक वर्ष पूरा होने पर ₹51,000 के लाभ में से रेखा को ₹24,000 मिले। रेखा दुकान खुलने के कितने महीने बाद साझेदार बनी थी?

(A) 3 महीने (B) 4 महीने

(C) 6 महीने (D) 8 महीने

129. एक व्यक्ति ₹10,000 की राशि का कुछ भाग 8% वार्षिक और शेष भाग 12% वार्षिक साधारण ब्याज पर उधार देता है। 3 वर्ष बाद उसे दोनों भागों से कुल ₹3,120 ब्याज मिलता है। 12% वार्षिक दर पर दी गई राशि कितनी है?

(A) ₹4,000 (B) ₹5,000

(C) ₹6,000 (D) ₹6,500

RASTestSeries.com

130. यदि A : B = 2 : 3 और B : C = 4 : 5 हो तथा A, B और C के बीच ₹2,800 इसी अनुपात में बाँटे जाएँ, तो C का हिस्सा कितना होगा?

(A) ₹1,400 (B) ₹640

(C) ₹960 (D) ₹1,200

131. बीकानेर के एक किसान ने ट्रैक्टर खरीदने के लिए सहकारी समिति से ₹21,000 उधार लिए। समिति 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक संयोजन) लेती है और किसान ने पूरा ऋण दो बराबर वार्षिक किस्तों में चुकाया, पहली किस्त उधार लेने के ठीक एक वर्ष बाद। इस पूरी व्यवस्था में किसान ने ब्याज के रूप में कुल कितना अधिक चुकाया?

(A) ₹2,100 (B) ₹4,200

(C) ₹3,200 (D) ₹4,410

132. राजस्थान लोक सेवा आयोग में जून 2026 के नेतृत्व परिवर्तन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. अध्यक्ष उत्कल रंजन साहू की सेवानिवृत्ति के बाद राज्यपाल ने आयोग के वरिष्ठतम सदस्य लेफ्टिनेंट कर्नल (सेवानिवृत्त) केसरी सिंह राठौड़ को नियमित अध्यक्ष की नियुक्ति तक कार्यवाहक अध्यक्ष का दायित्व सौंपा।
2. इसी समय नियुक्त नए सदस्य पदभार ग्रहण की तिथि से छह वर्ष तक या 62 वर्ष की आयु पूरी होने तक, जो भी पहले हो, पद पर रहेंगे।
3. आयोग के अध्यक्ष या किसी सदस्य को कदाचार के आधार पर राज्यपाल, राज्य के उच्च न्यायालय की जाँच रिपोर्ट मिलने पर, पद से हटा सकता है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(A) केवल 1 और 2 (B) 1, 2 और 3

(C) केवल 1 और 3 (D) केवल 2 और 3

133. 2026 में राजस्थान से जुड़े सम्मानों की चर्चा के संदर्भ में निम्नलिखित सम्मानों/सम्मान देने वाली संस्थाओं को उनकी स्थापना या पहली बार प्रदान किए जाने के सही कालानुक्रम (पहले से बाद) में व्यवस्थित कीजिए:

1. साहित्य अकादमी पुरस्कार, जिसके वर्ष 2025 के राजस्थानी भाषा पुरस्कार हेतु जितेंद्र कुमार सोनी का कहानी-संग्रह 'भरखमा' चुना गया
2. खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु भारत सरकार का अर्जुन पुरस्कार
3. पद्म पुरस्कार, जिनके अंतर्गत भपंग वादक गफरुद्दीन मेवाती जोगी को वर्ष 2026 का पद्मश्री मिला
4. उदयपुर स्थित राजस्थान साहित्य अकादमी, जिसका सर्वोच्च सम्मान मीरा पुरस्कार है

सही क्रम चुनिए:

(A) 3, 1, 4, 2 (B) 1, 3, 4, 2

(C) 3, 1, 2, 4 (D) 3, 4, 1, 2

RASTestSeries.com

134. दिसंबर 2025 में आयोजित संयुक्त सैन्य अभ्यासों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. भारत और मलेशिया की सेनाओं के संयुक्त अभ्यास 'हरिमाउ शक्ति-2025' का आयोजन राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में हुआ।

2. भारत और संयुक्त अरब अमीरात की सेनाओं का संयुक्त अभ्यास 'डेजर्ट साइक्लोन-II' भी राजस्थान के थार मरुस्थल में आयोजित हुआ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(A) केवल 1
(B) 1 और 2 दोनों
(C) केवल 2
(D) न तो 1 और न ही 2

135. राजस्थान में कृषि निवेश और किसान कल्याण से जुड़े 2026 के घटनाक्रमों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. जयपुर में 23-25 मई 2026 को प्रस्तावित ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (GRAM)-2026 को मुख्यमंत्री ने ईंधन की बचत संबंधी प्रधानमंत्री की अपील को देखते हुए अस्थायी रूप से स्थगित किया।

2. इस आयोजन की तैयारी के लिए जनवरी-फरवरी 2026 में गिरदावर सर्किल स्तर पर 'ग्राम उत्थान शिविर' लगाए गए, जिनमें किसानों और पशुपालकों को अनेक विभागों की योजनाओं से जोड़ा गया।

3. वर्ष 2025-26 से मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की राज्य-राशि जोड़कर पात्र किसानों को प्रतिवर्ष कुल ₹12,000 मिलने लगे।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(A) 1, 2 और 3
(B) केवल 1 और 2
(C) केवल 1 और 3
(D) केवल 2 और 3

136. 2025-26 में चर्चा में रहे राजस्थान के खिलाड़ी, उनका गृह जिला और उस जिले की खनिज/औद्योगिक पहचान - इनसे संबंधित निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा असुमेलित है?

(A) अवनि लेखरा (एशियाई पैरा खेल 2026 में 10 मी. एयर राइफल स्टैंडिंग SH1 का रजत) - जयपुर - रत्न तराशी व आभूषण उद्योग
(B) रुद्रांश खंडेलवाल (पैरा निशानेबाज़, अर्जुन पुरस्कार 2025) - भरतपुर - बंशी पहाड़पुर का गुलाबी बलुआ पत्थर
(C) सुमन भांभू (एशिया-पैसिफिक बधिर शतरंज चैंपियनशिप 2026 में टीम स्वर्ण) - नागौर - डेगाना का टंगस्टन
(D) मोना अग्रवाल (एशियाई पैरा खेल 2026 में दो स्वर्ण) - झुंझुनूं - खेतड़ी की ताँबा खानें

PASTestSeries.com

137. राजस्थान के वन्यजीव एवं आर्द्रभूमि संरक्षण से जुड़े निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. वर्ष 2026 में रणथम्भौर टाइगर रिज़र्व से 'प्रोजेक्ट कराकल' शुरू किया गया, जिसमें राज्य वन विभाग के साथ भारतीय वन्यजीव संस्थान और सालिम अली पक्षी-विज्ञान केंद्र भी जुड़े हैं।

2. रामसर स्थल खींचन आर्द्रभूमि हर वर्ष शीत ऋतु में 20,000 से अधिक कुरजाँ (डेमोइसेल क्रेन) की मेज़बानी करती है और इसका संरक्षण मुख्यतः ग्रामीण समुदाय करता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(A) केवल 1 **(B)** 1 और 2 दोनों

(C) केवल 2 **(D)** न तो 1 और न ही 2

138. दिसंबर 2025 के निम्नलिखित रक्षा एवं अंतरिक्ष घटनाक्रमों को सुमेलित कीजिए:

सूची-I

A. आकाश-एनजी

B. प्रलय

C. पिनाका दीर्घ-परास निर्देशित रॉकेट (एलआरजीआर)

D. एलवीएम3-एम6

सूची-II

1. एक ही लॉन्चर से त्वरित क्रम में दो मिसाइलों का 'साल्वो' प्रक्षेपण; सतह से सतह पर मार करने वाली अर्ध-बैलिस्टिक मिसाइल

2. एक अमेरिकी कंपनी के संचार उपग्रह को निम्न भू-कक्षा में स्थापित किया, जो इस यान का अब तक का सबसे भारी पेलोड था

3. वायुसेना की उपस्थिति में उपयोगकर्ता मूल्यांकन परीक्षण पूरे करने वाली सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली

4. सेवा में मौजूद लॉन्चर से अपनी पहली उड़ान-परीक्षण में दागा गया निर्देशित रॉकेट

कूट:

(A) A-3, B-1, C-4, D-2 **(B)** A-1, B-3, C-4, D-2

(C) A-3, B-1, C-2, D-4 **(D)** A-4, B-1, C-3, D-2

RASTestSeries.com

139. भारत के रामसर स्थलों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. अक्टूबर 2026 में रामसर सूची में जोड़ी गई चंडीगढ़ की सुखना आर्द्रभूमि शिवालिक पहाड़ियों की तलहटी में बना एक मानव-निर्मित जलाशय है।

2. अक्टूबर 2026 की स्थिति में, रामसर स्थलों की संख्या की दृष्टि से उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(A) केवल 1
(B) 1 और 2 दोनों
(C) केवल 2
(D) न तो 1 और न ही 2

140. दिसंबर 2025 से फरवरी 2026 के बीच हुए चुनावों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. चिली में दिसंबर 2025 के राष्ट्रपति चुनाव के द्वितीय चरण में दक्षिणपंथी नेता जोसे एंटोनियो कास्ट ने सरकार समर्थित वामपंथी उम्मीदवार जेनेट जारा को पराजित किया।

2. पुर्तगाल में फरवरी 2026 के राष्ट्रपति चुनाव के द्वितीय चरण में सोशलिस्ट पार्टी से जुड़े एंटोनियो जोसे सेगुरो ने 'चेगा' दल के नेता आंद्रे वेंचुरा को हराया।

3. बांग्लादेश में फरवरी 2026 के आम चुनाव में जमात-ए-इस्लामी ने बहुमत प्राप्त किया और उसके नेता प्रधानमंत्री बने।

4. कोस्टा रिका में फरवरी 2026 में लॉरा फर्नांडिस प्रथम चरण में ही आवश्यक 40% मतों की सीमा पार कर राष्ट्रपति निर्वाचित हुईं।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(A) केवल 1 और 4
(B) केवल 1, 2 और 3
(C) केवल 2 और 4
(D) केवल 1, 2 और 4

141. राजस्थान बजट 2026-27 की घोषणाओं के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में पात्र युवाओं को ₹10 लाख तक के ऋण पर 100% ब्याज अनुदान का प्रावधान है।

2. लखपति दीदी योजना में ऋण-सीमा ₹1 लाख से बढ़ाकर ₹1.5 लाख की गई।

3. राजस्थान सहकारी डेयरी अवसंरचना विकास कोष ₹1,000 करोड़ से बढ़ाकर ₹2,000 करोड़ किया गया।

4. उपनिवेशन क्षेत्रों के किसानों को बकाया ऋणों पर ब्याज माफी बिना किसी शर्त के दी गई।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(A) 1, 2, 3 और 4
(B) केवल 1 और 4
(C) केवल 2, 3 और 4
(D) केवल 1, 2 और 3

RASTestSeries.com

142. मार्च 2026 में स्टॉकहोम अंतरराष्ट्रीय शांति अनुसंधान संस्थान (SIPRI) द्वारा जारी 2021-25 के अंतरराष्ट्रीय प्रमुख हथियार हस्तांतरण आँकड़ों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. इस अवधि में यूक्रेन के बाद भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा प्रमुख हथियार आयातक रहा।

2. 2016-20 की तुलना में 2021-25 में भारत के हथियार आयात में वृद्धि हुई, जिसका कारण संस्थान ने स्वदेशी रक्षा उत्पादन क्षमता में गिरावट बताया।

3. भारत के आयात में रूस का हिस्सा 2011-15 के लगभग 70% से घटकर 2021-25 में लगभग 40% रह गया, फिर भी रूस भारत का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बना रहा।

4. संस्थान ने भारत की निरंतर विदेशी निर्भरता के संकेत के रूप में जर्मनी से जिन 6 पनडुब्बियों के प्रस्तावित आदेश का उल्लेख किया, वे (परियोजना-75 इंडिया की) परमाणु रिएक्टर से प्रणोदित आक्रमण पनडुब्बियाँ हैं।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

(A) केवल दो **(B)** केवल एक

(C) केवल तीन **(D)** सभी चार

143. दिसंबर 2025 में संपन्न निम्नलिखित प्रतियोगिताओं को उनके विजेताओं से सुमेलित कीजिए:

सूची-I

A. स्क्वैश विश्व कप 2025 (चेन्नई)

B. पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप 2025 (चेन्नई-मदुरै)

C. महिला जूनियर हॉकी विश्व कप 2025 (सैंटियागो)

D. पुरुष अंडर-19 एशिया कप क्रिकेट 2025 (दुबई)

सूची-II

1. नीदरलैंड

2. भारत

3. पाकिस्तान

4. जर्मनी

कूट:

(A) A-2, B-1, C-4, D-3 **(B)** A-3, B-1, C-4, D-2

(C) A-3, B-4, C-1, D-2 **(D)** A-2, B-4, C-1, D-3

RASTestSeries.com

144. राजस्थान बजट 2026-27 के कर प्रस्तावों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. अन्य राज्यों से लाए गए गैर-परिवहन वाहनों पर मोटर वाहन कर में 50% तक छूट का प्रस्ताव किया गया।
2. प्रदूषणकारी वाहनों पर देय हरित कर की दरों के पुनरीक्षण की घोषणा की गई।
3. ऋण से संबंधित दस्तावेजों पर स्टाम्प शुल्क और पंजीयन शुल्क बढ़ाए गए।
4. वैट, कृषि विपणन, भू-राजस्व, परिवहन और खनन से जुड़े बकाया मामलों के लिए समाधान (एमनेस्टी) योजनाएँ लाने की घोषणा की गई।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(A) केवल 1, 3 और 4
(B) केवल 1, 2 और 4
(C) केवल 2 और 4
(D) केवल 2, 3 और 4

145. राजस्थान विधानसभा द्वारा मार्च 2026 में पारित उन पंचायती राज और नगरपालिका संशोधन विधेयकों के संदर्भ में, जिनसे स्थानीय निकाय चुनावों में दो से अधिक संतान वाले व्यक्तियों की निरर्हता हटाई गई, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?

(A) दो से अधिक संतान संबंधी यह निरर्हता राजस्थान में 1995 में भैरोंसिंह शेखावत सरकार के समय लागू हुई थी।
(B) नगरपालिका संशोधन के साथ अयोग्यता से जुड़ी खतरनाक रोगों की सूची से 'कुष्ठ रोग' भी हटाया गया।
(C) पंचायती राज संशोधन विधेयक, राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 19 से वह खंड हटाता है जिसके अनुसार दो से अधिक संतान वाला व्यक्ति पंच या सदस्य चुने जाने के अयोग्य था।
(D) दो से अधिक संतान वाले व्यक्ति की निरर्हता संविधान के अनुच्छेद 243च में सभी राज्यों के लिए निर्धारित थी, इसलिए इसे हटाने के लिए संसद की सहमति आवश्यक थी।

146. दिसंबर 2025 में संसद द्वारा पारित और राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त 'शांति' अधिनियम, 2025 (परमाणु ऊर्जा) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 और परमाणु क्षति के लिए सिविल दायित्व अधिनियम, 2010 दोनों का निरसन कर एक समेकित कानूनी ढाँचा बनाता है।
2. यह परमाणु ऊर्जा विनियामक बोर्ड को वैधानिक दर्जा देता है।
3. यह परमाणु दुर्घटना की स्थिति में संचालक के उपकरण आपूर्तिकर्ता से क्षतिपूर्ति वसूलने के अधिकार (आपूर्तिकर्ता दायित्व) को 2010 के कानून की तुलना में और व्यापक बनाता है।
4. यूरेनियम संवर्धन व समस्थानिक पृथक्करण, प्रयुक्त ईंधन का पुनर्प्रसंस्करण और भारी जल उत्पादन जैसे संवेदनशील कार्य केंद्र सरकार के नियंत्रण में ही रखे गए हैं।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(A) 1, 2, 3 और 4
(B) केवल 1, 2 और 4
(C) केवल 1 और 2
(D) केवल 2, 3 और 4

RASTestSeries.com

147. दिसंबर 2025 में अधिनियमित 'सबका बीमा, सबकी रक्षा (बीमा विधि संशोधन) अधिनियम, 2025' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह निर्धारित शर्तों के अधीन भारतीय बीमा कंपनियों में विदेशी निवेश की सीमा 74% से बढ़ाकर 100% करने का प्रावधान करता है।

2. यह एक ही कंपनी को जीवन और साधारण बीमा दोनों व्यवसाय करने के लिए समग्र (कंपोजिट) लाइसेंस का सीधा प्रावधान करता है।

3. यह बीमा अधिनियम, 1938; जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 और बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1999 तीनों में संशोधन करता है।

4. शेयरों के अंतरण या निर्गम के लिए विनियामक की पूर्व स्वीकृति की सीमा 1% से बढ़ाकर 5% कर दी गई है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(A) 1, 2, 3 और 4 **(B)** केवल 1 और 4

(C) केवल 1, 3 और 4 **(D)** केवल 1, 2 और 3

148. दिसंबर 2025 की निम्नलिखित उच्च-स्तरीय यात्राओं को उनके प्रमुख परिणामों से सुमेलित कीजिए:

सूची-I

A. रूसी राष्ट्रपति की भारत यात्रा (23वाँ वार्षिक शिखर सम्मेलन)

B. भारतीय प्रधानमंत्री की जॉर्डन यात्रा

C. भारतीय प्रधानमंत्री की इथियोपिया यात्रा

D. भारतीय प्रधानमंत्री की ओमान यात्रा

सूची-II

1. व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते पर हस्ताक्षर

2. पेट्रा और एलोरा के बीच विरासत संरक्षण हेतु 'ट्विनिंग' समझौता; राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष

3. 2030 तक आर्थिक सहयोग के रणनीतिक क्षेत्रों के विकास का कार्यक्रम

4. संबंधों को 'रणनीतिक साझेदारी' तक उन्नत करना और उस देश की संसद के संयुक्त सत्र को संबोधन

कूट:

(A) A-1, B-2, C-4, D-3 **(B)** A-3, B-4, C-2, D-1

(C) A-3, B-2, C-4, D-1 **(D)** A-4, B-2, C-3, D-1

RASTestSeries.com

149. भारत के रक्षा उद्योग से जुड़े हालिया आँकड़ों और रिपोर्टों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. वित्त वर्ष 2025-26 के रिकॉर्ड रक्षा निर्यात में रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों का हिस्सा निजी क्षेत्र से अधिक रहा।
2. वित्त वर्ष 2025-26 के रिकॉर्ड रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र का योगदान आधे से अधिक रहा।
3. दिसंबर 2025 में जारी स्टॉकहोम अंतरराष्ट्रीय शांति शोध संस्थान (SIPRI) की शीर्ष-100 हथियार उत्पादक कंपनियों की सूची में शामिल तीनों भारतीय कंपनियाँ सार्वजनिक क्षेत्र की हैं।
4. उक्त सूची के अनुसार भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड की हथियार-आय में वृद्धि का मुख्य कारण रडार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणालियों के सरकारी ऑर्डर रहे।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(A) 1, 2, 3 और 4 **(B)** केवल 1, 3 और 4

(C) केवल 1 और 2 **(D)** केवल 2, 3 और 4

150. 2026 के निम्नलिखित वन्यजीव संरक्षण घटनाक्रमों (सूची-I में संबंधित जीव की आहार-श्रृंखला में भूमिका दी गई है) को उस संरक्षित क्षेत्र या आवास से सुमेलित कीजिए जहाँ यह घटनाक्रम हुआ:

सूची-I

A. प्रोजेक्ट चीता के अंतर्गत फरवरी 2026 में अफ्रीका के एक देश से लाए गए खुले घास-मैदानों के शीर्ष परभक्षी

B. कीट, छिपकली और बीज खाने वाले, भूमि पर अंडे देने वाले सर्वाहारी पक्षी का बंदी-प्रजनित अंडा, जिसे मार्च 2026 में 'जंपस्टार्ट' विधि से एक जंगली मादा के घोंसले में रखा गया और उससे चूजा निकला

C. आहार-श्रृंखला के अंतिम सिरे पर मृत पशुओं पर निर्भर अपमार्जक पक्षी, जिनकी अप्रैल 2026 में विषैले शवों से द्वितीयक विषाक्तता द्वारा सामूहिक मृत्यु हुई

D. प्राथमिक उपभोक्ता, घास चरने वाला विशाल शाकाहारी, जिसका पहला दल अप्रैल 2026 में काज़ीरंगा से लाकर उस क्षेत्र में पहुँचाया गया जहाँ से यह प्रजाति 1970 के दशक के अंत में लुप्त हो गई थी

सूची-II

1. कूनो राष्ट्रीय उद्यान
2. कच्छ (नलिया) की घासभूमि
3. दुधवा बाघ अभयारण्य का बफर क्षेत्र
4. कान्हा बाघ अभयारण्य

कूट:

(A) A-1, B-2, C-4, D-3 **(B)** A-1, B-2, C-3, D-4

(C) A-1, B-3, C-2, D-4 **(D)** A-1, B-3, C-4, D-2

RASTestSeries.com

उत्तर कुंजी

1 – B	2 – D	3 – C	4 – B	5 – A	6 – D	7 – D	8 – B	9 – A	10 – C
11 – B	12 – C	13 – A	14 – B	15 – C	16 – A	17 – B	18 – D	19 – D	20 – C
21 – B	22 – A	23 – B	24 – D	25 – B	26 – A	27 – B	28 – D	29 – C	30 – C
31 – B	32 – C	33 – A	34 – D	35 – C	36 – C	37 – D	38 – A	39 – D	40 – A
41 – C	42 – D	43 – D	44 – B	45 – D	46 – C	47 – C	48 – C	49 – B	50 – D
51 – B	52 – B	53 – C	54 – B	55 – C	56 – C	57 – B	58 – B	59 – C	60 – A
61 – B	62 – D	63 – B	64 – D	65 – C	66 – D	67 – D	68 – C	69 – A	70 – B
71 – A	72 – B	73 – A	74 – A	75 – A	76 – D	77 – C	78 – C	79 – B	80 – B
81 – A	82 – D	83 – D	84 – C	85 – A	86 – D	87 – C	88 – B	89 – A	90 – C
91 – D	92 – A	93 – B	94 – C	95 – C	96 – A	97 – D	98 – B	99 – A	100 – B
101 – D	102 – A	103 – C	104 – C	105 – A	106 – A	107 – D	108 – B	109 – B	110 – B
111 – D	112 – C	113 – A	114 – D	115 – A	116 – B	117 – D	118 – D	119 – B	120 – B
121 – B	122 – A	123 – B	124 – C	125 – B	126 – C	127 – D	128 – B	129 – C	130 – D
131 – C	132 – A	133 – A	134 – A	135 – B	136 – D	137 – B	138 – A	139 – A	140 – D
141 – D	142 – A	143 – D	144 – B	145 – D	146 – B	147 – C	148 – C	149 – B	150 – B

उत्तर एवं व्याख्या

1. **उत्तर: B**

बारह कोटड़ियाँ जयपुर (आमेर) की सामन्त व्यवस्था से जुड़ी हैं: कछवाहा शासक पृथ्वीराज के बारह पुत्रों के नाम से बारह स्थायी जागीरें चलीं, जिन्हें कोटड़ी कहा गया। मेवाड़ में सामन्त उमराव कहलाते थे और उनकी तीन श्रेणियाँ थीं, इसलिए यह युग्म असुमेलित है। हुक्मनामा मारवाड़ का उत्तराधिकार शुल्क था (अन्य रियासतों में इसे तलवार बंधाई या नजराना कहा जाता था; शुल्क न चुकाने तक जागीर कैद खालसा कर ली जाती थी), रेख जागीर की अनुमानित वार्षिक आय थी और भौम जागीर निश्चित सेवा व कर के बदले धारित भूमि थी।

2. **उत्तर: D**

मत्स्य संघ (18 मार्च 1948) के राजप्रमुख धौलपुर के उदयभान सिंह थे। 25 मार्च 1948 को बने राजस्थान संघ (पूर्व राजस्थान) के राजप्रमुख कोटा के महाराव भीमसिंह थे। उदयपुर के विलय से बने संयुक्त राजस्थान (18 अप्रैल 1948) के राजप्रमुख महाराणा भूपालसिंह बने और भीमसिंह उपराजप्रमुख। वृहत् राजस्थान (30 मार्च 1949) में मानसिंह द्वितीय राजप्रमुख और भूपालसिंह आजीवन महाराजप्रमुख बने, इसलिए संयुक्त राजस्थान और वृहत् राजस्थान के राजप्रमुखों की अदला-बदली वाला कूट (A-3, B-1, C-2, D-4) सबसे निकट भ्रम है।

3. **उत्तर: C**

राजा के बाद सबसे प्रमुख अधिकारी के पद का नाम रियासतों में अलग-अलग था: मेवाड़, मारवाड़ और जैसलमेर में प्रधान, कोटा और बूँदी में दीवान, जयपुर में मुसाहिब तथा बीकानेर में मुख्त्यार। इसलिए कथन 1 सही और कथन 2 गलत है, क्योंकि बीकानेर में 'मुसाहिब' नहीं बल्कि 'मुख्त्यार' शब्द चलता था। बख्शी सैन्य विभाग का प्रमुख था (मारवाड़ में फौज बख्शी भी होता था), अतः कथन 3 सही है।

RASTestSeries.com

4. **उत्तर: B**

शृंगी ऋषि शिलालेख (1428 ई.) एकलिंगजी के निकट महाराणा मोकल के काल का संस्कृत लेख है, जिसमें हम्मीर से मोकल तक के शासकों और मोकल की नागौर के फिरोज खाँ पर विजय का उल्लेख है। चित्तौड़ की कीर्ति स्तम्भ प्रशस्ति (1460 ई.) मोकल के पुत्र कुम्भा के काल की है और उनकी विजयों, उपाधियों व ग्रंथों का वर्णन करती है। उदयपुर के जगदीश मंदिर की जगन्नाथ राय प्रशस्ति (1652 ई.) महाराणा जगतसिंह प्रथम के काल की है; इसमें बप्पा से सांगा तक के शासकों और हल्दीघाटी युद्ध का भी वर्णन है, इसलिए इसे प्रताप से जोड़ने का भ्रम होता है। कन्हैयालाल सेठिया की आधुनिक राजस्थानी कविता 'पाथल और पीथल' में पाथल महाराणा प्रताप और पीथल बीकानेर के पृथ्वीराज राठौड़ हैं। अतः A-2, B-4, C-3, D-1। प्रत्येक गलत कूट शृंगी ऋषि शिलालेख को किसी अन्य जोड़ी से बदलता है (मोकल-कुम्भा, मोकल-जगतसिंह प्रथम, मोकल-प्रताप), इसलिए B, C, D में से कोई दो जोड़ियाँ जानकर भी दो कूट बचते हैं; निर्णय शृंगी ऋषि शिलालेख का काल पहचानने पर टिका है।

5. **उत्तर: A**

गोविन्द गुरु ने 1883 में भीलों के सामाजिक-धार्मिक सुधार और संगठन के लिए सम्प सभा बनाई; वे स्वामी दयानन्द सरस्वती से प्रेरित थे। परोपकारिणी सभा का गठन 1883 में उदयपुर में स्वामी दयानन्द के सान्निध्य में हुआ और उन्होंने इसे अपनी कृतियों व कार्य का उत्तराधिकार सौंपा। एकी (भोमट भील) आंदोलन मोतीलाल तेजावत ने चलाया, और बिजौलिया किसान आंदोलन को संगठित करने के लिए 1917 में विजयसिंह पथिक ने ऊपरमाल पंच बोर्ड बनाया। दयानन्द-गोविन्द गुरु का संबंध ही सबसे निकट भ्रम है।

6. **उत्तर: D**

1817-18 में मराठों और पिंडारियों के दबाव के बीच राजपूत रियासतों ने एक-एक कर कंपनी से अधीनस्थ सहयोग की संधियाँ कीं। कोटा ने झाला जालिमसिंह के माध्यम से 26 दिसम्बर 1817 को संधि की, मेवाड़ ने जनवरी 1818 में और जयपुर ने अप्रैल 1818 में। सिरोही ऐसी संधि करने वाली अंतिम प्रमुख रियासत थी, जिसने 1823 में संधि की। इसलिए सही क्रम कोटा, मेवाड़, जयपुर, सिरोही है।

7. **उत्तर: D**

डाबड़ा कांड 13 मार्च 1947 को डीडवाना परगने के डाबड़ा गाँव में हुआ, जहाँ किसान सम्मेलन में गए मारवाड़ लोक परिषद के कार्यकर्ताओं (मथुरादास माथुर आदि) पर जागीरदारों के लठैतों ने हमला किया; यह न 1942 का है, न जोधपुर नगर का और न पुलिस गोलीकांड। मारवाड़ सेवा संघ (1920) मारवाड़ की प्रारम्भिक राजनीतिक संस्था थी, मारवाड़ लोक परिषद 16 मई 1938 को महाराजा की छत्रछाया में उत्तरदायी शासन के उद्देश्य से बनी, और 1942 के सत्याग्रह में बालमुकुन्द बिस्सा की जेल में भूख हड़ताल के बाद मृत्यु हुई।

8. **उत्तर: B**

वाल्टरकृत राजपूत हितकारिणी सभा 1888-89 में अजमेर में राजपूताना के ए.जी.जी. कर्नल वाल्टर के अपने प्रयासों से बनी थी और ए.जी.जी. ही इसके अध्यक्ष थे; यह किसी एक रियासत या महाराणा की संस्था नहीं थी, और महाराणा सज्जनसिंह का देहांत (1884) इससे पहले हो चुका था। इसलिए यह कथन असत्य है। भ्रम इसलिए होता है कि सज्जनसिंह ने स्वयं 1877 में उदयपुर में देश हितैषिणी सभा की अध्यक्षता की थी, जो विवाह-व्यय नियंत्रित करने के लिए बनी थी। वाल्टरकृत सभा ने विवाह की आयु तय की तथा विवाह और मृत्युभोज (नुक्ता/मौसर) पर व्यय सीमित किया। स्वामी दयानन्द ने 1882-83 में उदयपुर प्रवास के दौरान सत्यार्थ प्रकाश का संशोधन किया और सज्जनसिंह उनके संपर्क में आए।

9. **उत्तर: A**

मेवाड़ प्रजामण्डल की स्थापना का श्रेय माणिक्यलाल वर्मा को है, परंतु 24 अप्रैल 1938 को इसकी स्थापना बलवन्तसिंह मेहता की अध्यक्षता में हुई; वर्मा इसके प्रमुख संगठनकर्ता (मंत्री) थे, प्रथम अध्यक्ष नहीं। इसलिए यह कथन असत्य है। बीकानेर राज्य प्रजामण्डल 1936 में कलकत्ता में मघाराम वैद्य ने, कोटा प्रजामण्डल 1939 में नयनूराम शर्मा व अभिन्न हरि ने तथा डूंगरपुर प्रजामण्डल 1944 में भोगीलाल पंड्या ने स्थापित किया।

10. **उत्तर: C**

1857 की क्रांति के समय जोधपुर में महाराजा तख्तसिंह, बीकानेर में महाराजा सरदारसिंह, मेवाड़ (उदयपुर) में महाराणा स्वरूपसिंह और जयपुर में महाराजा रामसिंह द्वितीय शासक थे। इन सभी शासकों ने सामान्यतः अंग्रेजों का साथ दिया; बीकानेर के सरदारसिंह ने तो रियासत के बाहर

जाकर भी अंग्रेजों की सहायता की। आउवा के ठाकुर कुशालसिंह का संघर्ष जोधपुर के तख्तसिंह से भी था।

11. उत्तर: B

बैराठ (विराटनगर) का वृत्ताकार बौद्ध चैत्य अशोक के काल (तीसरी सदी ई.पू.) का है; केंद्र में स्तूप और उसके चारों ओर स्तंभों की वृत्ताकार परिक्रमा वाला यह ढाँचा भारत के प्रारंभिक संरचनात्मक मंदिरों में गिना जाता है। अजमेर का तारागढ़ (अजयमेरु/गढ़ बीठली) 12वीं सदी के प्रारंभ में चौहान शासक अजयराज ने बनवाया। बीकानेर के जूनागढ़ का निर्माण रायसिंह ने 1588-89 ई. में आरंभ कराया और यह 16वीं सदी के अंत में पूरा हुआ। नाहरगढ़ सवाई जयसिंह ने 1734 ई. में मराठों से जयपुर की रक्षा हेतु बनवाया। अतः क्रम 2, 3, 1, 4 है।

12. उत्तर: C

